संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -249 मंगलवार ,11 जुलाई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# कुल्लू में बादल फटने से उत्तर भारत में बनी भयावह स्थिति

## मुरादाबाद में ढेला नदी का पानी 12 गांवों तक पहुंच गया

- » शिमला-बिलासपुर में चार की मौत,चार लोग बहे
- » 100 बीघा जमीन बही
- » 7 राज्यों में बाढ़ और लैंडस्लाइड से 56 लोगों की मौत
- » अलर्ट पर पंजाब
- » मोदी ने अधिकारियों से हालात को लेकर की बात
- » 15 दिनों में यहां बिजली गिरने से 37 लोगों की मौत हो गई

**कुल्लू,10 जुलाई 2023,(ए)।** हिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचाई हुई है। शिमला जिले की ठियोग तहसील के पलवी गांव में सोमवार सुबह 11 बजे एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बिलासपुर जिले में श्री नयना देवी जी के मलेटा गांव में शादी समारोह से लौट रहा बुजुर्ग व्यक्ति नाले में बह गया। तीन लोग मनाली से बह गए हैं। एक गाड़ी सहित बहा है। डीसी कुल्लू आशुतोष गर्ग ने बताया कि श्रीखंड यात्रा स्थगित कर दी गई है। फंसे यात्री वापस लाए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश में तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। कुल्लू की लगघाटी के फलाण में बादल फट गया है। बादल फटने से 100 बीघा जमीन बह गई है। इसी पंचायत के एक अन्य नाले में बाढ़ के बाद भूस्खलन के खतरे को देखते हुए 12 घरों को खाली करवा दिया गया है। शिमला जिले की ठियोग तहसील के पलवी गांव में सोमवार सुबह 11 बजे एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीप बहादुर, देवदासी और मोहन बहादुर के तौर पर हुई है। बिलासपुर जिले में श्री नयना देवी जी के मलेटा गांव में शादी समारोह से लौट रहा बुजुर्ग व्यक्ति नाले में बह गया।

बुजुर्ग का शव करीब दो किलोमीटर दूर कालाकुंड नामक जगह पर गोबिंद सागर झील में मिला है। मृतक की पहचान रामलाल (70) निवासी गांव मलेटा तहसील श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मनाली में तीन वोल्वो बसों के बहने की सूचना है। चार लोग बहने से लापता हैं। तीन लोग मनाली से बह गए हैं। एक गाड़ी सहित बहा है। डीसी कुल्लू आशुतोष गर्ग ने बताया कि श्रीखंड यात्रा स्थगित कर दी गई है। फंसे यात्री वापस लाए जाएंगे।

6 नेशनल हाईवे समेत 828 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं। 4686 बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। ऊना-हमीरपुर मुख्य सड़क मार्ग लठियाणी से बड़सर के बीच तीखे मोड़ पर पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण अवरुद्ध हो गया है। कुल्लू में दो दिन का लोकल हॉलीडे घोषित किया गया है। डीसी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में बैली ब्रिज को भारी नुकसान हुआ है। आवाजाही बंद कर दी गई है। सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र परवाणू में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सेक्टर 4 में कई गाड़ियां पानी के तेज बहाव में बह गई हैं। लोग दहशत में हैं।



चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग गंभरोला के पास भूस्खलन होने से बंद हो गया है, जिसे राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया है। लोक निर्माण विभाग के कर्मी मलबा हटाने के काम में जुटे हुए हैं। वहीं भूस्खलन से किरतपुर नेरचोक फोरलेन सहित 35 संपर्क मार्ग बंद हैं। जल शक्ति विभाग की 87 पेयजल योजनाएं मलबा भरने ठप पड़ी है। विभाग को करीब 12 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

शक्तिपीठ को जाने वाले मार्ग भूस्खलन से बंद हो गए हैं। वही श्री नयना देवी जी नगर में बिजली आपूर्ति ठप है। जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रविवार देर रात तथा सोमवार सुबह को लगातार हो रही बारिश से यातायात प्रभावित है। वहीं कुछ स्थानों पर रिहायशी मकान तथा गोशालाएं गिर गई हैं। बारिश से ब्यास नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। नदी के तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। ब्यास किनारे कई घर व होटल बह गए हैं। वहीं पार्वती व तीर्थन नदी व अन्य नदी नालों में बाढ़ जैसे हालात हैं। नदी किनारे बसें गांवों व घरों में पानी घुस गया है।

### दो दिनों से ब्लैकआउट

कुल्लू जिले में दो दिनों से ब्लैकआउट है। सड़कें व पेयजल आपूर्ति बंद होने से लोग और सैलानी परेशान हैं। मनाली के किसान भवन में फंसे सभी 29 लोगों को सोमवार सुबह रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। इसमें कई सैलानी भी मौजूद हैं।

### ऊना आने वाली सभी ट्रेनें रद्द

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बारिश से हुई तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है। सीएम सुक्खू रात भर मंडी, कुल्लू, सोलन जिलों में हो रही तबाही की जानकारी लेते रहे। फंसे हुए लोगों को सकुशल निकालने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। किन्नौर जिले की भावा खड्ड में रविवार रात बाढ़ आने से तीन मकान बह गए हैं। जबकि दो मकानों को आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। एक टिप्पर, एक पिकअप और एक कार बाढ़ मे बह गई है।

कई सेब के बागीचों को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं भावा खड्ड पर बने पैदल पुल भी बाढ़ की चपेट में आने से बह गए हैं। जबकि कई मकान खतरे की जद में हैं। ऊना आने वाली सभी ट्रेनें आज भी रद्द रहेंगी। बारिश की वजह से रेल सेवा पर सबसे बुरा असर पड़ा है। वंदे भारत, जनशताब्दी, हिमाचल एक्सप्रेस सहित पेसेंजर ट्रेने भी नहीं चलेंगी। ऊना, अंब, अंदौरा व दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन भी खाली पड़ हैं। ऊना में कुल नौ ट्रेने अवगमन करतीं हैं।

### लाहौल के तेलिंग नाला में तीन दिनों से भूखे प्यासे 50 लोग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बारिश ने तबाही मचा दी है। मनाली-लेह मार्ग के बीच आने वाले तेलिंग व पागलनाला में बाढ़ आने से सड़क मार्ग बंद है। यहां एचआरटीसी की चार बसों के साथ कुछ छोटे वाहन भी फंसे हैं। बसों में सवार करीब 50 लोग तीन दिनों से भूखे प्यासे हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय प्रशासन ने कोई भी मदद नहीं की है।

# भारत अब और अधिक होगा शक्तिशाली

## फ्रांस से 26 राफेल,3 स्कॉर्पीन पनडुब्बियां खरीदने की तैयारी में भारत



**नई दिल्ली,10 जुलाई 2023,(ए)।** भारत, फ्रांस से 26 राफेल फाइटर जेट और तीन 3 स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियां खरीदने की योजना बना रहा है। माना जा रहा है कि फ्रांस के साथ इस डील की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान हो सकती है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों की ओर से यह प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को सौंप दिया गया है, जिसका ऐलान पीएम मोदी के इसी हफ्ते फ्रांस दौरे के समय किया जा सकता है। इस प्रस्ताव के मुताबिक भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीट राफेल मरीन एयरक्राफ्ट मिलेगा। इसके अलावा उसे चार ट्रेनर एयरक्राफ्ट दिए जाने का भी प्रस्ताव है।

### भारतीय नौसेना को राफेल मरीन एयरक्राफ्ट की जरूरत

भारतीय नौसेना देश की सुरक्षा चुनौतियों को देखते इस तरह के लड़ाकू विमान और पनडुब्बियों की तत्काल उपलब्धता पर जोर देती रही है। क्योंकि, फिलहाल वह इसकी किल्लत का सामना कर रही है। विमान वाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत अभी मिग-29 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन, उसे दोनों जंगी जहाजों के लिए राफेल की आवश्यकता है।

### 90,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की होगी डील

हालांकि, तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियां नौसेना को प्रोजेक्ट 75 के हिस्से के तौर रिपीट क्लॉज के तहत मिलेंगी, जिन्हें मुंबई के मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड में बनाया जाएगा। इसके लिए 90,000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की डील होने का अनुमान है, लेकिन अंतिम लागत का अंदाजा करार के दौरान ही लग पाएगा। पीएम मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर जा रहे है।

### मेक इन इंडिया पहल पर जोर देगा भारत

वैसे सूत्रों का कहना है कि भारत डील में कीमतों पर रियायत की मांग करेगा और इस बात पर भी जोर देगा कि इस डील को ज्यादा से ज्यादा मेक-इन-इंडिया पहल के तहत पूरा किया जाए। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों ने कहा है कि राफेल मरीन डील के लिए भारत और फ्रांस के बीच सौदा तय करने के लिए एक संयुक्त टीम बनाए जाने की संभावना है। पहले भी 36 राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट की डील के दौरान इसी तरह की पहल की जा चुकी है। इन प्रस्तावों पर रक्षा मंत्रालय में पहले ही उच्च-स्तरीय बैठकों में चर्चा हो चुकी है। अगले कुछ दिनों में इसे रक्षा अधिग्रहण परिषद के सामने रखे जाने की संभावना है। जिसपर फ्रांस में घोषणा से पहले सरकार की ओर से इसकी आवश्यकता की मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है।

# डील से पीछे हटी फॉक्सकॉन

» **मोदी सरकार के मेक इन इंडिया चिप के सपने को बड़ा झटका**

**नई दिल्ली,10 जुलाई 2023,(ए)।** डील से पीछे हटी फॉक्सकॉन कंपनी के फैसले से मोदी सरकार के मेक इन इंडिया चिप के सपने को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, फॉक्सकॉन ने कहा है कि वह भारत के साथ डील नहीं करेगी।




इससे पहले आई रिपोर्ट्स के अनुसार कहा गया था कि फॉक्सकॉन के निवेश से भारत में बड़ा चिप बाजार तैयार होगा। मेक इन इंडिया चिप के लिए फॉक्सकॉन और इंडिया की डील रद्द होना बड़ा झटका माना जा रहा है। फॉक्सकॉन ने सोमवार को कहा कि वह वेदांता लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम नहीं करेगी। कंपनी डील से बाहर निकल रही है। इसका मकसद भारत में सेमीकंडक्टर बनाने की यूनिट स्थापित करना था।

फॉक्सकॉन का कहना है कि मेगा सेमीकंडक्टर बनाने की योजना पर वेदांता जेवी के साथ कंपनी आगे नहीं बढ़ेगी। फॉक्सकॉन वेदांता की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई से फॉक्सकॉन नाम को हटाने के लिए काम कर रहा है। हालांकि, फॉक्सकॉन ने यह नहीं बताया कि उसने भारत के साथ डील से पीछे हटने का निर्णय क्यों लिया। बता दें कि वेदांता ने पिछले साल गुजरात में सेमीकंडक्टर और प्रदर्शन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया, ÷फॉक्सकॉन ने तय किया है कि वह वेदांता के साथ संयुक्त उद्यम के फैसले पर आगे नहीं बढ़ेगी।÷ इससे पहले अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह ने कहा था कि वह सहयोगी कंपनी ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज से सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकाइयों में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगा।

# पूर्व डिप्टी सीएम गिरफ्तार

» **विजिलेंस ने की कार्रवाई, पूर्व सीएम की भी जांच शुरू**

**चंडीगढ़,10 जुलाई 2023, (ए)।** पंजाब विजिलेंस ने राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम ओपी सोनी को रविवार (9 जुलाई) को गिरफ्तार कर लिया है। ओपी सोनी कांग्रेस के सीनियर लीडर हैं। उन्हें सोमवार (10 जुलाई) को अमृतसर कोर्ट में पेश किया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेश पर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच ये कदम उठाया गया है।

पंजाब के सूचना और जनसंपर्क विभाग ने कहा कि पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पूर्व उपमुख्यमंत्री ओपी सोनी को 2016 से 2022 की अवधि के दौरान आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



अमृतसर में दर्ज की गई एफआईआर विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि ओपी सोनी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) (बी) और 13 (2) के तहत पुलिस स्टेशन विजिलेंस ब्यूरो, अमृतसर रेंज में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर 10 अक्टूबर, 2022 को आदेशित जांच के बाद दर्ज की गई।

क्या हैं पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम पर आरोप?

प्रवक्ता ने बताया कि 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2022 की अवधि के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम और उनके परिवार की आय 4.52 करोड़ रुपये थी, जबकि उनका खर्च 12.48 करोड़ रुपये था। अधिकारी के अनुसार, ये खर्च उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से लगभग 176.08त्न अधिक है. आरोपी ओपी सोनी ने कथित तौर पर इस अवधि के दौरान अपनी पत्नी और बेटे के नाम पर संपत्ति अर्जित की। प्रवक्ता ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# एकनाथ शिंदे गुट के हाथ से जाएगा शिव सेना का नाम और चिह्न!




### सुप्रीमकोर्ट में 31 जुलाई को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली ,10 जुलाई 2023, (ए)।** शिवसेना पार्टी और उसका चुनाव चिह्न एकनाथ शिंदे को देने के खिलाफ उद्धव ठाकरे की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। शिव सेना ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 31 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई करेगा। उद्धव की याचिका में चुनाव आयोग का फैसला रद्द करने की मांग की गई है। बता दें कि चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना माना था। चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को चुनाव चिह्न तीर-कमान के इस्तेमाल की इजाजत दे दी है। इसके बाद उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग के फैसले को रद्द करने की मांग की है और बाद में चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत बरकरार

### अब इस दिन होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली ,10 जुलाई 2023,(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (10 जुलाई) को दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी गई है। अब अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट ने खराब सेहत के आधार पर 26 मई को 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी। वकील ने कहा कि सत्येंद्र जैन की सर्जरी होनी है, जिसे लेकर तीन अस्पतालों (जीबी पंत, मैक्स और अपोलो) ने ऐसी रिपोर्ट दी है। हालांकि कोर्ट के सामने दो अस्पतालों की रिपोर्ट रखी गई। कोर्ट ने तीसरे अस्पताल की रिपोर्ट भी देने के लिए कहा है।



जैन की ओर से पेश अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- तीन अस्पतालों ने सर्जरी की सिफारिश की है। इनमें जीबी पंत, मैक्स और अपोलो शामिल हैं। दो अस्पतालों की मेडिकल रिपोर्ट दाखिल की गई है. तीसरे की भी दाखिल की जाएगी। हालांकि केंद्र की ओर से कहा गया कि जैन को एम्स भेजा जाए ताकि उनके स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया जा सके, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जैन द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर जवाब दाखिल किया जाए।

बता दें कि दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने जैन को स्वास्थ्य आधार पर शर्तों के साथ 6 सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी थी। कोर्ट ने कहा कि हम स्वास्थ्य आधार पर छह हफ्ते के लिए अंतरिम जमानत दे रहे हैं। इस दौरान वो अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भी इलाज करवा सकते हैं। सत्येंद्र जैन दिल्ली से बाहर नहीं जा सकेंगे। 10 जुलाई को कोर्ट में स्वास्थ्य रिपोर्ट जमा करेंगे।

मीडिया से किसी भी विषय पर किसी भी तरह से कोई बातचीत या संपर्क नहीं करेंगे। भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सत्येंद्र जैन लगभग 1 साल से जेल में हैं। इस दौरान जेल में उन्हें मिल रही वीआईपी सुविधा को लेकर विवाद भी उठाया गया था। इसके जवाब में आम आदमी पार्टी की तरफ से कहा गया था कि जैन बीमार हैं। उन्हें विशेष सहायता की जरूरत है।

# डोडा में दो बार भूकंप के झटके लगे

**जम्मू ,10 जुलाई 2023(ए)।** जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार सुबह पांच मिनट के अंतराल पर दो बार हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सुबह 0538 मिनट पर आये भूंपक की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.15 डिग्री अक्षांश और 75.68 डिग्री देशांतर पर गहराई 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।इस बीच, सुबह 0543 बजे आये दूसरे भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.15 डिग्री अक्षांश और 75.7 डिग्री देशांतर पर आठ किलोमीटर की गहराई में स्थित था। उन्होंने बताया कि उधमपुर, जम्मू और श्रीनगर शहरों में भी हल्के झटके महसूस किये गये है। डोडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भूकंप के कारण अब तक किसी के घायल होने या किसी नुकसान की सूचना नहीं है।




# हाईकोर्ट ने पंचायत में हिंसा पर बीएसएफ के आईजी से मांगी रिपोर्ट

» **उच्च न्यायालय में सांसद अधीर चौधरी की याचिका पर हुई सुनवाई**


**कोलकाता ,10 जुलाई 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव की वोटिंग के दौरान जमकर हिंसा हुई तो पुनर्मतदान के दिन भी गड़बड़ी व हिंसा की छिटपुट घटनाएं घटी। अभीतक दर्जनों लोग मारे गए हैं घायलों की संख्या लगभग एक हजार है। इस मुद्दे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने समेत तीन मांगें उठाई हैं। साथ ही ममता सरकार से सवाल किया कि हिंसा क्यों हुई?। अधीर चौधरी ने मुख्य न्यायाधीश से पंचायत चुनाव की अशांति को लेकर सवाल करते हुए कहा, सुप्रभात मैं मुर्शिदाबाद से हूं। मेरे जिले मुर्शिदाबाद समेत पूरे राज्य में अशांति है। हर दिन मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि मृतकों के परिजनों को नहीं पता कि शव लाने के लिए कहां जाएं। ऐसे में आज कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीएसएफ आईजी



और राज्य सरकार से पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक हिंसा पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा। उच्च न्यायालय ने कहा, राज्य सरकार को घायल लोगों को अच्छी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करनी होंगी।आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से दायर मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की खंडपीठ ने आदेश दिया कि घायलों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराया जाये। जरूरत पड़ने पर इलाज के लिए राज्य के किसी बड़े अस्पताल में ले जाना चाहिए। इसके अलावा, अदालत ने राज्य को मृतक के अंतिम संस्कार में हर संभव सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।पोस्ट मार्टम की वीडियोग्राफी का भी आदेश दिया गया है। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी जानी चाहिए। रिपोर्ट के बाद ही कोर्ट मुआवजे पर फैसला करेगा। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा, मुझे अपने केस की एक कॉपी दीजिए। मामले को अनुमति देना. राज्य के महाधिवक्ता को सूचित करें। अधीर ने मुआवजे की मांग करते हुए हाई कोर्ट में मामला दायर किया। चीफ जस्टिस ने सभी पक्षों से जल्द से जल्द जानकारी देने को कहा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस मामले की सुनवाई होगी।

# भीषण सड़क हादसे में 9 की मौत

**लखनऊ,10 जुलाई 2023 (ए)।** लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत 9 की मौत हो गई है। इसके अलावा आधा दर्जन से ज्यादा घायल हो गए हैं। घटना लीलापुर थाना के मोहनगंज बाजार की है।




बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से टेंपो में सवार लोग हादसे का शिकार हुए हैं। हादसे के बाद टैंकर भी पलट गया। टैंकर से गैस रिसाव की बात भी सामने आ रही है।मौके पर पुलिस, स्थानीय लोगों की मदद से सभी को मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में अव्यवस्थाओं के चलते समय पर न स्ट्रेचर और न ही वार्डबॉय उपलब्ध थे। पुलिस, पत्रकारों और स्थानीय लोगों ने गाड़ियों से घायलों को उतार कर इमरजेंसी में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतकों की संख्या में और इजाफा हो सकता है।

## संपादकीय

# ये खतरा बढ़ रहा है

कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है।

देखते-देखते खालिस्तान का साया फिर संगीन हो गयाहै, इस बात के साफ संकेत हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय राजनयिक ठिकानों पर हमले हुए थे। इस बीच पंजाब में अमृतपाल की परिघटना हुई। अभी सोमवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मित्र देशों से खालिस्तानी ताकतों पर लगाम लगाने को कहा है। इस सिलसिले में उन्होंने जिन मित्र देशों का नाम लिया, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। लेकिन उसी रात यह खबर आई कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है। हमले के बाद दूतावास में आग लग गई, जिस पर बाद में काबू पाया गया। इसी बीच कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है। कनाडा में आठ जुलाई को खालिस्तान समर्थक एक बड़ी रैली निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक खालिस्तान फ्रीडम रैली टोरंटो में निकाली जानी है। रैली का अंत शहर में भारत के वाणिज्य दूतावास के सामने करने की योजना है। कनाडा सरकार ने कहा है कि भारतीय राजनयिकों की पूरी सुरक्षा की जाएगी। लेकिन सवाल वो नहीं है। सवाल है कि ऐसी भारत विरोधी ताकतों को खुलेआम अपनी गतिविधियां चलाने की इजाजत क्यों दी जा रही है। रैली से जुड़े कुछ पोस्टर सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें कनाडा में दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दी गई है। इनमें से एक पोस्टरमें टोरंटो में भारतीय काउंसल जनरल अपूर्व श्रीवास्तव पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्सेस नाम के एक संगठन का मुखिया था। पिछले महीने उसकी कनाडा के राज्य ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा के अंदर हत्या कर दी गई थी। अब यह भारत सरकार के लिए गंभीर मंथन का विषय है कि इस उभरती चुनौती को कैसे इसी मौके पर दबाया जाए? इस मामले में कोई ढिलाई आगे चल कर महंगी साबित हो सकती है।

# जनसंख्या नियंत्रण से ही होगा समुचित विकास

जनसंख्या से तात्पर्य एक सीमित क्षेत्र मे रहने वाले व्यक्तियो की संख्या से है। जब किसी क्षेत्र मे रहने वाले व्यक्तियो की संख्या आवश्यकता से अधिक हो जाए तो उसे जनसंख्या वृद्धि कहते है। अब सवाल यह उठता है कि यह कैसे पता चलेगा कि किसी स्थान की जनसंख्या अधिक है। इसका उत्तर भी साफ है कि जब किसी क्षेत्र के युवाओ के लिए आमदनी के साधन कम हो जाये या किसी परिवार को अपनी दो वक्त की रोटी के लिए अत्याधिक परिश्रम करना पड़े तो निश्चित ही वहा की जनसंख्या आवश्यकता से अधिक होने लगी है।

हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम की गवर्निंग काउंसिल ने 11 जुलाई 1989 को विश्व जनसंख्या दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया। इसके अगले साल 1990 में पहली बार दुनिया के 90 देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य वैश्विक जनसंख्या मुद्दों के बारे में जैसे परिवार नियोजन का महत्व, लैंगिक समानता, गरीबी पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है । इस दिन का सुझाव डॉ. के.सी.जकारिया ने दिया था। जब उन्होंने विश्व बैंक में सीनियर डेमोग्राफर के रूप में काम किया था। तब जनसंख्या पांच अरब तक पहुंच गई थी।

बढ़ती मानव जनसंख्या ने पूरी दुनिया के तंत्र को गहरे से प्रभावित किया और संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पैदा किया है। इस सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि-

**अति रूपेण वै सीता चाति गर्वेण रावणः।**
**अतिदानाद् बलिर्बद्धो ह्यति सर्वत्र वर्जये।।**

अर्थात् अति हर चीज की बुरी होती है। जिस तेजी से विश्व की जनसंख्या बढ़ रही है। उसको देखकर लगता है कि वो दिन दूर नहीं जब गणित के आंकड़े कम पड़ जाएंगे। क्योंकि धरती पर तो इतनी भूमि बचेगी नहीं कि इंसान रह सके। आज बेहिसाब बढ़ती जनसंख्या ना केवल चिंता का कारण है बल्कि सभी समस्याओं का मूल कारण भी है। फिर चाहे पृथ्वी का संतुलन बिगड़ना हो, बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग हो, बढ़ती बेरोजगारी हो या संसाधनों का अभाव हो। बढ़ती जनसंख्या न्यूक्लियर और हाइड्रोजन बम से भी ज्यादा खतरनाक है।




हमारे देश में लगातार बढ़ती जनसंख्या के चलते बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे देश का विकास भी बाधित हो रहा है। सरकार के जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने के प्रयास भी बहुत ज्यादा सफल होते नहीं दिख रहे। आये दिन जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। इसके पीछे देश में अन्धविश्वास और साक्षरता की कमी को जिम्मेदार मान सकते हैं। हम देश में ये मानने वाली सोच को जिम्मेदार मान सकते हैं जो कहती है कि जितने ज्यादा बच्चे होंगे उतने ही ज्यादा कमाने वाले होंगे। जो लोग आज भी ऐसी सोच रखते हैं उन्हें ये समझना होगा कि सिर्फ घर में बहुत ज्यादा सदस्य होने से ही घर में आय नहीं बढ़ेगी। बल्कि इससे सभी के लिए भरण पोषण हेतु भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। जनसंख्या के अनुसार हर किसी के लिए संसाधन जुटाना भी उतना ही मुश्किल होगा क्योंकि देश में उपलब्ध संसाधनों का इतनी मात्रा में होना जरुरी भी नहीं है। ऐसे में एक समय के बाद सभी के लिए इन संसाधनों में कमी होने लगेगी। इसलिये पहले ही जागरूक होना बेहतर है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के जनसांख्यिकीय आंकड़ों का अनुमान है कि चीन की 142.57 करोड़ की तुलना में भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो अमेरिका 34 करोड़ की आबादी के साथ तीसरे नंबर पर है। यूएनएफपीए की एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 वर्ष के आयु वर्ग की है। वहीं 18 प्रतिशत 10 से 19 आयु वर्ग, 26 प्रतिशत 10 से 24 आयु वर्ग, 68 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग में और 65 वर्ष से ऊपर 7 प्रतिशत है। वहीं विभिन्न एजेंसियों के अनुमानों ने बताया है कि भारत की जनसंख्या लगभग तीन दशकों तक बढ़ती रहने की उम्मीद है। इससे आबादी 165 करोड़ हो सकती है।

गौरतलब है कि पिछले साल छह दशकों में पहली बार चीन की आबादी में गिरावट आई थी। इसके बाद चीन की आबादी में कमी ही देखी जा रही है। कहा जा रहा है कि इसका असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि 2011 के बाद से औसतन 1.2 फीसदी रही है। जबकि पिछले 10 वर्षों में यह 1.7 फीसदी थी। यूएनएफपीए इंडिया के प्रतिनिधि एंड्रिया वोजनार ने कहा कि भारतीय सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि लगातार बढ़ रही जनसंख्या का असर आम लोगों पर पड़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की आबादी 8045 मिलियन है। जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा 65 प्रतिशत 15 से 64 वर्ष की आयु के बीच के लोगों का है। इसके बाद 24 प्रतिशत हिस्सा 10 से 24 वर्ष के समूह में है। 10 फीसदी आबादी 65 साल से ऊपर की है। रिपोर्ट के मुताबिक 15 नवंबर 2022 को दुनिया की आबादी 8 अरब लोगों को पार कर गई थी। दुनिया के 2 सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र पूर्वी और दक्षिण पूर्वी एशिया है। जहां 2.3 अरब लोग रहते हैं। जो वैश्विक आबादी का 29 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं और मध्य और दक्षिण एशिया 2.1 बिलियन 26 प्रतिशत प्रतिनितधत्व के साथ है। मध्य और दक्षिण एशिया के 2037 तक दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र बनने की सम्भावना है।

वर्ष 2050 तक वैश्विक जनसंख्या में अनुमानित वृद्धि का आधे से अधिक 8 देशों कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मिश्र, इथियोपिया, भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपींस और संयुक्त गणराज्य तंजानिया में केंद्रित होगा। स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच और जीवन स्तर में सुधार के साथ दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रजनन दर के साथ-साथ मृत्यु दर कम हो रही है। इसका मतलब यह है कि दुनिया के कुछ हिस्सों जैसे कि जापान में वृद्ध आबादी अधिक है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में पाया गया है कि पुरुषों में जीवन प्रत्याशा अब 71 वर्ष है। जबकि महिलाओं में यह 76 वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अब अरब 42 करोड़ 86 लाख लोग हैं और यह चीन की आबादी को पछाड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। भारत की 68 प्रतिशत आबादी 15 से 64 वर्ष की श्रेणी की है। वहीं 26 प्रतिशत आबादी 10 से 24 वर्ष के समूह में है। जिससे भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। हालांकि भारत में प्रजनन दर लगातार गिर रही है। आज भारत में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। सरकारों के पास जितनी वैकेंसी है। उससे कई गुना लोग बेरोजगार हैं। इसलिए आये दिन लोग रोजगार के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने लगते हैं। यह समस्या अकेले भारत की ही नहीं ऐसे प्रदर्शन विश्व के कई देशों में हो रहे हैं। इसलिये बढ़ती जनसंख्या से हुए नुकसान को अब नियंत्रित करने का बहुत ही महत्वपूर्ण समय है। यदि अभी भी लोग जागरूक नहीं हुए तो आने वाले समय में उन्हें इसका बहुत बड़ा खामियाजा चुकाना पड़ सकता है। जनसंख्या को नियंत्रित करने का काम सरकार का ही नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति का है जो इस देश में रह रहा है। सभी के प्रयासों और समझदारी से ही हम जनसंख्या विस्फोट से उत्पन्न होने वाली समस्या से निजात पा सकेंगे।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# सरकार-हरण का दशाननी वाम-तंत्र

भारतीय मानस की तासीर दग़ाबाज़ों से घृणा करने की है। इसलिए भाजपा के लारे-लप्पों में आ कर या अपने-अपने गिरेबाओं के घनघोर मैलेपन से डर कर जो पवार के कटप्पा बने हैं, उन की सियासी उम्र लोग लंबी नहीं रहने देंगे। आप सोचिए कि अगर किसी दिन अमित भाई शाह अपने निर्माता नरेंद्र भाई मोदी को छोड़ कर चले जाएं तो भारतीय जनमानस में उस की कैसी प्रतिक्रिया होगी? प्रफुल्ल पटेल के पलटूपन ने उसी तरह की वितृष्णा का भाव लोगों के मन में पैदा किया है।

अगर भारतीय जनता पार्टी को लग रहा है कि शरद पवार को इस हाल में ले आने से उसे राजनीतिक फ़ायदा होगा तो वह मुगालते में है। उसे कुल मिला कर बड़ा नुकसान होगा। खुद एकनाथ शिंदे भीतर से सहम गए होंगे कि उन के बहुत-से हमजोली उद्धव ठाकरे की तरफ़ देखने लगेंगे। अजित पवार दलबदल क़ानून से बचने लायक़ विधायक इकट्ठे नहीं कर पाए हैं, इसलिए उन के साथ गए विधायकों में से भी ज़्यादातर अभी से पसोपेश में पड़ने लगे हैं। यूं भी जैसे शिंदे के जाने के बाद भी शिवसेना का मूल-संगठन उद्धव के ही साथ रहा, उसी तरह अजित के जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का बुनियादी ढांचा पवार के ही साथ है। विधानसभाई-अंकगणित में पवार अभी कमज़ोर ज़रूर पड़े हैं, मगर सियासी बीजगणित में वे अजित से कई गुना मज़बूत हो कर उभरे हैं। अजित और उनके साथ गए लोग भले ही 45 बरस पहले पवार के किए-धरे की कितनी ही याद दिलाएं, महाराष्ट्र तो महाराष्ट्र, बाकी देश में भी पवार को अपनो से ही मिले धोखे को किसी ने पसंद नहीं किया है। भारतीय मानस की तासीर दग़ाबाज़ों से घृणा करने की है। इसलिए भाजपा के लारे-लप्पों में आ कर या अपने-अपने गिरेबाओं के घनघोर मैलेपन से डर कर जो पवार के कटप्पा बने हैं, उन की सियासी उम्र लोग लंबी नहीं रहने देंगे।

आप सोचिए कि अगर किसी दिन अमित भाई शाह अपने निर्माता नरेंद्र भाई मोदी को छोड़ कर चले जाएं तो भारतीय जनमानस में उस की कैसी प्रतिक्रिया होगी? प्रफुल्ल पटेल के पलटूपन ने उसी तरह की वितृष्णा का भाव लोगों के मन में पैदा किया है। अजित की नीयत तो पहले भी कई बार सामने आ चुकी थी, सो, उन के जाने से लोगों को उतनी हैरत नहीं हुई, लेकिन प्रफुल्ल के ब्रूटसपन ने सभी को धक्क कर दिया है। इसलिए लिख कर रख लीजिए कि प्रफुल्ल केंद्र में कितने ही बड़े मंत्री बन जाएं, अब वे लोकसभा का चुनाव कभी नहीं जीत पाएंगे।

अजित के साथ गए विधायक भी लोगों के मन से इस क़दर उतर गए हैं कि वे जिस दिन चुनाव-मैदान में उतरेंगे, लस्तमपस्त पड़े मिलेंगे। यही हाल शिंदे के साथ गए शिवसेना के विधायकों का होगा। अगले साल की विजयादशमी के आसपास जब महाराष्ट्र की विधानसभा के चुनाव होंगे, आप सियासी हताहतों की संख्या देख कर अपनी उंगलियां दांतों तले दबा रहे होंगे। आज अपनी तिकड़मों की सफलता पर इतरा रहे देवेंद्र फडनवीस के घर की मुंडेरों पर अगली दीवाली के कितने दीए सजते हैं देखते रहिए।

यही हाल इस बरस की दीवाली के आसपास होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उन के साथ कांग्रेस छोड़ कर गए विधायकों का होना है। अभी उन में से कई भले मंत्री बन कर फूले-फूले घूम रहे हैं, मगर आने वाले चुनाव में उन में से ज़्यादातर को तो भाजपा खुद ही उम्मीदवार नहीं बनाएगी और जिन्हें बनाएगी भी, उन्हें मतदाता ठेंगा दिखा देंगे। सिंधिया के इलाक़े ग्वालियर-चंबल में होने वाली अपनी बेहद बुरी गत को देख कर भाजपा स्वयं मूर्छित हो जाएगी। अभी उसे यह अंदाज़ ही नहीं हो पा रहा है कि साम-दाम-दंड-भेद के ज़रिए सरकार-हरण की उस की करतूतों ने आमजन को उस के ख़िलाफ़ कितने गुस्से से भर दिया है।

**पंकज शर्मा**

# विश्व गुरू और मंदिर है फिर भी यूसीसी व महाराष्ट्र...

भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद परेशान थी। उससे पहले वह हिमाचल प्रदेश में हारी थी लेकिन तब गुजरात की जीत ने उस हार को ढक दिया था। कर्नाटक का चुनाव अकेले हुआ था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूरी ताकत लगाने, बजरंग बली के जयकारे और दूसरे सारे उपाय करने के बावजूद भाजपा बुरी तरह हारी। कांग्रेस की बड़ी जीत हुई। उसके बाद विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की पहली बैठक पटना में हो गई। तमाम आशंकाओं के बावजूद सारे नेता जुट गए और एकजुट होकर लड़ने का संकल्प भी लिया। तभी भाजपा की परेशानी बढ़ी और नैरेटिव बदलने के प्रयास शुरू हुए।

नैरेटिव बदलने के कई उपाय हो रहे थे। कई उपाय आगे होने हैं। लेकिन उस बीच अचानक समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा और उसके बाद महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी तोड़ कर उनके भतीजे अजित पवार को महाराष्ट्र सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाया गया।

सवाल है कि जब दूसरे उपाय थे और है तो समान नागरिक संहिता की क्या जरूरत थी? महाराष्ट्र में क्यों एनसीपी को तोड़ना था? अजीत पवार-प्रफुल्ल पटेल को सिर पर बैठाना था? ध्यान रहे कर्नाटक चुनाव के बाद प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यूगिनी की यात्रा हुई थी और उसको जिस तरह से हाईलाइट किया गया वह नैरेटिव बदलने के प्रयासों का हिस्सा था। उसके बाद प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर गए, जिसे उनके विश्वगुरू होने की निशानी के तौर पर प्रचारित किया गया। आगे अगले दो महीने जी 20 देशों की बैठक का हल्ला बना रहना है। सितंबर में दिल्ली में दुनिया के 20 सबसे शक्तिशाली देशों के नेता जुटेंगे। उनके अलावा भी कई देशों के प्रमुखों को अतिथि के तौर पर बुलाया गया है। उससे भी भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विश्वगुरू होने का मैसेज बनवाया जाएगा। अगले साल लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अयोध्या में भव्य राममंदिर का उद्घाटन होना है, जिसका उत्सव कई दिन तक चलेगा।

इन सबके बीच भाजपा ने अचानक समान नागरिक संहिता का दांव चला। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी वकालत की है तो दूसरी ओर विपक्ष की एक मजबूत पार्टी को तोड़ कर विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास हुआ है। सवाल है कि क्या भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी के विश्वगुरू वाले एजेंडे पर पूरा भरोसा नहीं है? क्या भाजपा अयोध्या में राममंदिर को चुनाव जिताने वाला एजेंडा नहीं मान रही है? अगर भाजपा को अपने इन दोनों एजेंडों पर भरोसा होता तो यूसीसी का मुद्दा नहीं उठाया जाता और न ही महाराष्ट्र में तोड़-फोड़ की जरूरत नहीं होती।

महाराष्ट्र के मामले में बडा सवाल है कि जब चुनाव आयोग की ओर घोषित असली शिव सेना भाजपा के साथ है तो उसे शरद पवार की पार्टी की क्या जरूरत है? जिस पार्टी को भाजपा नेता नेचुरली करप्ट पार्टी बताते हैं और 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप लगाते हैं उस पार्टी के आरोपी नेताओं को साथ लेने की क्या मजबूरी है? ध्यान रहे राज्य की भाजपा और शिंदे सरकार को 160 के करीब विधायकों का समर्थन है इसके बावजूद पवार के 30-40 और विधायक साथ लाने की क्या जरूरत महसूस हो रही है? जाहिर है कथित असली शिव सेना यानी एकनाथ शिंदे के पार्टी के साथ लेने और शिंदे को मुख्यमंत्री बनवाने के बावजूद भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। इसलिए उसे लग रहा है कि कांग्रेस, एनसीपी और शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट बड़ी चुनौती है। इसलिए लोकसभा सदस्यों की संख्या के लिहाज से देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य में विपक्ष को कमजोर करना जरूरी है। जाहिर है भाजपा को न अपने सहयोगियों पर भरोसा है और न अपने एजेंडे पर। इसलिए तोड़ फोड़ करके विपक्ष को कमजोर करने और विपक्ष के नेताओं को साथ लाकर अपना समीकरण मजबूत करने का प्रयास हो रहा है। लेकिन बिना यह सोचे कि इससे भाजपा के मजबूत होने की पोल अपने आप खुल रही है। उसकी मजबूरी जाहिर हो रही है। वह ऐसे नेताओं का हाथ पकड रही है, जिनके साथ उसका वैचारिक टकराव था, रहा है और जिनको लेकर नैतिकता के गंभीर सवाल भी हैं।

**हरिशंकर व्यास**

# राजस्थान में गोचर भूमि को बचाने की लड़ाई

राजस्थान में गोचर भूमि को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है। लंबे समय से लगातार हो रहे अतिक्रमणों के कारण गोचर भूमि सिमटती जा रही है। एक ओर जहां लालची लोगों में गायों के लिए सुरक्षित रखी गई इस जमीन को कब्जाने की होड़ लगी है, वहीं दूसरी ओर गायों और पर्यावरण के प्रति प्रेम रखने वाले लोग इसे मुक्त करवाने की कवायद में जुटे हैं। इसके लिए वह अदालतों के दरवाजे खटखटाए जा रहे हैं। शासन-प्रशासन को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। गांधीवादी तरीके से धरने और प्रदर्शनों का सहारा लिया जा रहा है। हाल में बीकानेर में हुए संयुक्त सम्मेलन में प्रदेश के 25 जिलों के गोचर भूमि के संरक्षण के लिए संघर्ष करने वाले प्रतिनिधियों ने गोचर को गायों के नाम के नाम करवाने के लिए बड़े आंदोलन का शंखनाद कर दिया है।

सम्मेलन में गोचर भूमि को गायों के नाम दर्ज करवाने, गोचर का पुनः सीमांकन करने, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम में आवश्यक संशोधन करने जैसी मांगों को व्यापक आंदोलन छेड़ने का संकल्प किया गया है। जाहिर है, गोचर भूमि के संबंध में सरकार के रुख से गोप्रेमी खुश नहीं हैं और उन्हें आंदोलन ही एक मात्र रास्ता दिखाई दे रहा है।

देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान में गोचर को बचाने का यह बड़ा मुद्दा है। पिछले साल गायों के प्रति आदर भाव रखने वाले लोगों ने लंबे अरसे तक आंदोलन करके सरकार को उस फैसले को ठंडे बस्ते में डालने पर मजबूर किया था, जिसके जरिए सरकार गोचर भूमि पर हुए अतिक्रमणों का नियमन करना चाहती थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में जयपुर में 15 दिसम्बर 2021 को हुई केबिनेट की बैठक में प्रदेश में चरागाह भूमि पर कम से कम तीस साल से मकान बना कर रह रहे लोगों को पट्टे देने की नीति के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई। इसके बाद 27 दिसम्बर को सरकार ने इस संबंध में नीति भी जारी कर दी। इस नीति में कहा गया कि चरागाह भूमि का वर्गीकरण परिवर्तन व्यापक जनहित में अन्य राजकीय भूमि की अनुपलब्धता होने पर किया जाएगा। नीति के तहत चरागाह भूमि पर कम से कम 30 वर्ष से घर बनाकर रह रहे परिवारों में से प्रति परिवार अधिकतम 100 वर्गमीटर का पट्टा दिया जाएगा। इस नीति से चरागाह भूमि पर बसे निर्धन परिवारों को पट्टा मिल सकेगा।

इस फैसले से गो-प्रेमियों में आक्रोश फैलना लाजिमी था क्योंकि समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं जबकि इसके विपरीत सरकार ने अतिक्रमियों को पट्टे देने का फैसला कर लिया था। गो-प्रेमी इस आशंका से चिंतित हो उठे थे कि सरकार के फैसले से अतिकमियों को प्रोत्साहन मिलेगा और चरागाह भूमि पर अतिक्रमण बेतहाशा बढ़ जाएंगे। इससे गोचर भूमि का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा।



चरागाह भूमि पर हुए अतिक्रमणों को नियमित करने के सरकारी फैसले के खिलाफ ग्रामीणों, साधु-संतों, गो प्रेमियों और पशुपालकों ने प्रदेश भर में धरने-प्रदर्शन किए। भैरों सिंह शेखावत सरकार में मंत्री रहे बुजुर्ग नेता देवी सिंह भाटी ने 13 जनवरी 2022 को बीकानेर जिले में गोचर भूमि में बेमियादी धरना शुरू कर दिया। उनके आंदोलन को व्यापक जन समर्थन मिला। राजस्थान के विभिन्न जिलों तथा पड़ोसी राज्यों से हजारों लोग रोजाना धरने पर भाटी के समर्थन में उमडने लगे। प्रशासन ने धरना समाप्त करने के लिए भाटी को रजामंद करने की खूब कोशिशें कीं लेकिन वह इस बात पर अड़े रहे कि जब तक सरकार उनकी मांगें स्वीकार नहीं कर लेती, तब तक धरना जारी रहेगा। भाटी के हठ के आगे अंततः सरकार को झुकना पड़ा और धरने के 44 वें दिन 24 फरवरी, 2022 को सरकार ने भाटी से समझौता कर गोचर के संरक्षण और उसके विकास के मुद्दे पर लिखित आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त करवाया।

भाटी से हुई वार्ता में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव और ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के शासन सचिव जैसे आला अधिकारी शामिल रहे थे। बीकानेर के तत्कालीन संभागीय आयुक्त ने लिखित समझौता करके तमाम मांगें मान ली थीं। अब प्रश्न यह उठता है कि गो-प्रेमियों को हाल में फिर से बड़ा आंदोलन करने का निर्णय क्यों लेना पड़ा है? गो-प्रेमी इसका जवाब यह कहकर देते हैं कि लिखित समझौते के क्रियान्वयन के लिए जरूरी कदम आज तक सरकार ने नहीं उठाए गए हैं। वार्ता के दौरान गोचर व चरागाह की जमीन पर जल संग्रहण संरचनाओं के अतिरिक्त अन्य कोई निर्माण कार्य न करने, सरकार द्वारा 27 दिसम्बर को जारी पॉलिसी का परीक्षण गाय के हित में करके ही उचित निर्णय किए जाने और राजस्व अधिनियम में संशोधन की मांग को अधिकारियों ने स्वीकार किया था। तब लिखित समझौते में बीकानेर संभाग के संभागीय आयुक्त ने यह आश्वासन दिया था कि ''गोचर, ओरण, चारागाह के संरक्षण एवं विकास के समस्त उपलब्ध उपायों का क्रियान्वयन प्रभारी तरीके से किया जाएगा। इनमें हो रहे अतिक्रमण को यथा शीघ्र हटाकर मनरेगा के माध्यम से विकास व संरक्षण किया जाएगा। अगर कोई राजकीय भूमि चारागाह गोचर व ओरण के रूप में उपयोग को जा रही है और राजकीय रिकॉर्ड में उसका अंकन नहीं है तो सक्षम अधिकारी द्वारा मौका निरीक्षण कर उसका राजस्व अभिलेख में अंकन करने की प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। गोचर, ओरण, चारगाह के संरक्षण, सुरक्षा एवं विकास के लिए तहसील एवं पंचायत स्तर पर कार्ययोजना बनाकर मैकेनिज्म को सक्रिय किया जाएगा।''

हकीकत में, उपरोक्त समझौता कागजी बनकर रह गया है। गो-प्रेमियों ने एक साल तक इंतजार किया है कि सरकार कुछ करेगी लेकिन अब उनके सब्र का बांध टूट रहा है। बीकानेर में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश के 33 में से 25 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने एक मत से गोचर-ओरण संरक्षक संघ का गठन करके बुजुर्ग नेता देवी सिंह भाटी को इसका प्रदेश संयोजक बनाया है। संघ में सभी सातों संभागों से एक-एक सदस्य लेकर सात सह संयोजक और सभी 33 जिलों से 33 प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। आगामी बैठक में गोचर को बचाने के लिए संयुक्त एजेंडार तय होगा और व्यापक आंदोलन की रूपरेखा घोषित कर दी जाएगी।

राजस्थान में 88,56,101 हेक्टेयर भूमि है, जो कुल उपलब्ध भूमि का 41.8 प्रतिशत है, इसमें से 9,11,233 हेक्टेयर स्थायी गोचर भूमि, 70,50,577 हेक्टेयर ऊसर भूमि (लवणीय) और 8,93,691 हेक्टेयर सीमांत भूमि है। प्रदेश के गांवों में गोचर भूमि सामुदायिक उपयोग के लिए है और पंचायतों के अधीन आती है। लिहाजा, उस पर किसी व्यक्ति विशेष का अधिपत्य नहीं हो सकता है। घास के मैदानों से अटी पड़ी यह जमीन पशुओं का पेट भरने के लिए है लेकिन दुखद है कि इस जमीन पर जगह-जगह अतिक्रमण कर लिए गए हैं। लोगों ने न केवल इस पर बस्तियां बसा ली हैं, बल्कि खेती भी कर रहे हैं। अत्यधिक अतिक्रमणों के बावजूद राज्य में लाखों हेक्टेयर गोचर भूमि अभी भी अपने मूल स्वरूप में पड़ी हुई है जिसे बचाने के प्रयास हो रहे हैं। जब भी कहीं कोई व्यक्ति गोचर भूमि पर अतिक्रमण करता है तो समुदाय के लोग प्रशासन के समक्ष गुहार लगाकर अतिक्रमण हटाने की मांग करते हैं। यदि प्रशासनिक स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं होती तो अदालत की शरण ली जाती है क्योंकि समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में निर्णय देकर यह प्रतिपादित किया है कि चरागाह भूमि का उपयोग केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिसकी अनुमति है।

सुप्रीम कोर्ट का 2011 का जगपाल सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले में दिया निर्णय इस संबंध में प्रमुख है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के एक मामले में 2021 में भी एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। ऐसे ही राजस्थान हाई कोर्ट के भी फैसले हैं। राजस्थान हाई कोर्ट ने जगदीश प्रसाद मीना और अन्य बनाम राजस्थान राज्य मामले में 30 जनवरी 2019 को राजस्थान के सभी 33 जिलों में संबंधित जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सेल (पीएलपीसी) के गठन कर गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर सभी जिलों में पीएलपीसी बनाई जा चुकी हैं लेकिन उनके जरिए कोर्ट की भावना के अनुरूप काम नहीं हो रहा है। लोग पीएलपीसी से संतुष्ट नहीं हैं। गोचर से न सिर्फ पशुओं को चारा मिलता है, बल्कि यह जमीन विभिन्न प्रकार के पेड़, पौधे, झाड़ियों, घास, जड़ी-बूटियां, औषधियां और खाना पकाने के लिए ईंधन भी मुहैया करवाती है। ज्यादातर जलस्रोत भी गोचर पर ही हैं। गोचर भूमि वन्यजीवों की कई प्रजातियों का प्राकृतिक आवास भी है। मरू प्रदेश के लिए चरागाह, गोचर भूमि बहुत जरूरी है। गोचर पर अतिक्रमण सिर्फ एक जमीन पर अतिक्रमण नहीं है बल्कि यह पशुओं के जीने के अधिकार का अतिक्रमण है। राजस्थान ऐसा प्रदेश है, जो बार-बार अकाल झेलता है और इसलिए पशुपालन यहां के निवासियों का मुख्य व्यवसाय है। पशुओं की अधिकता के कारण चारे की मांग इसके उत्पादन के मुकाबले अधिक रहती है। सेवण और धामन घास के रूप में चारे की आपूर्ति चरागाह व गोचर भूमि से ही होती रही है मगर चरागाहों के निरंतर घटते चले जाने से चारे का परंपरागत स्रोत सिकुड़ रहा है। आज तो गोचर पर अतिक्रमणों को केवल पशुओं के हितों के ही विपरीत देखा जा रहा है, लेकिन यदि गोचर भूमि को बचाया नहीं गया तो यह मानव जीवन के लिए कई तरह की मुश्किलों को न्योता होगा। गोचर भूमि का खत्म होना पर्यावरणीय असंतुलन की वजह भी बनेगा।



**अमर पाल सिंह वर्मा**
राजस्थान

## संजोए हुए दिन

पचपन में याद आया बचपन,
अहसास से ही हर्षित हो गया तनमन,
याद आ रहे हैं एक एक पल,
जब थे निर्भीक, निडर, निश्छल,
चेहरे पर दमकता था मासूमियत,
हफ्ता खिलखिलाते साफ नियत,
याद आ रहे हैं वो सारे मित्र,
जिनसे मिलता था अपना चरित्र,
वो मिट्टी का घर,पगडंडियों का सफर,
पर अब बड़े हो गए,
बड़े होते ही चारों ओर दुश्मन खड़े हो गए,
हर रिश्ते अब विरोधी हो गए,
सबकी गालियों में हम रोगी हो गए,
कहां चले गए सारे मित्र यार,
अब नजर आ रही है जाति की दीवार,
कोई नहीं लौटा सकता वो दिन,
संजोए हैं बस सभी पल गिन गिन।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

## सावन सुन्दरी

सतरंगी रंग म नहाके निकले,
अपसरा के आँखी चमके मोती।
दौना पान जईसे ममहावय देंह,
चंदा के अंजोर बगरे सबो कोती।।
हरियर-हरियर लुगरा पहिने,
झूलना, झूलत हें फूलवारी।
अंग म सोलह सिंगार करके,
नाचत आवत हें सावन सुन्दरी।।
कोनों गावैं मया-पिरीत के गीत,
कोनों करैं खूब हँसी-ठिठोली।
मन सुआ होगे बईहा रे संगी,
सुनके ऊँखर मैना कस बोली।।
माई लोगिन के सुघरई ल देख,
मूर्छा हो जाथे करिया बादर।
पहिन-ओढ़ के आवैंय जम्मों,
छत्तीसगढ़ माता के रूप ल धर।।
बिधुन होके खेलथें कई खेल,
कई हारथें, कई अऊवल आथें।
सुन्दरी, पाथे सम्मान अऊ ईनाम,
मुकूट पहिनके, रानी बन जाथें।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# धान खरीदी के मामले में झूठ बोल रही है प्रदेश सरकार : रामविचार नेताम



-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री एवं राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम ने आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर धान खरीदी मामले में सफेद झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह राजनीतिक पतन की पराकाष्ठा है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ का 80 फीसदी धान नहीं खरीदा। राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को आधा झूठ बोलते हुए देखा गया है। किन्तु इस स्तर का सफेद झूठ केवल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ही बोल सकते हैं। नेताम ने कहा कि केंद्र सरकार 80 फीसदी धान खरीदती है, साथ ही साथ कुल भुगतान का भी तीन-चौथाई से ज्यादा हिस्सा देती है। केंद्र सरकार एफसीआई के माध्यम से राज्य सरकार से चावल उपार्जित करती है। तथ्य यह है कि केंद्र सरकार ने हर साल प्रभावी रूप से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खरीदे हुए धान का लगभग 80 प्रतिशत खरीदी की है। नेताम ने बताया कि 2021-22 में केंद्र सरकार मे लगभग 94 फीसदी खरीदी की है। केंद्र सरकार बिना भेदभाव के किसानों के हित में काम कर रही है। हम किसी राज्य में सत्ताधारी पार्टी को देख कर कार्य नहीं करते, केवल जनहित और राष्ट्रहित में कार्य करते हैं। नेताम ने कहा कि हम आपके समक्ष एफसीआई के सरकारी आंकड़े रख रहे हैं जो साफ दर्शाता है कि किस प्रकार राज्य की जनता को भ्रमित किया जा रहा है एवं ठगा जा रहा है। केंद्र ने उनके दिए आंकड़े से लगभग दोगुनी ज्यादा खरीदी की है। वर्ष 21-22 में 92 लाख मीट्रिक टन धान से बना 61.65 लाख मीट्रिक टन चावल जो कुल खरीदी का 93.90 प्रतिशत, वर्ष 22-23 में 87.58 मीट्रिक टन धान ( 58.68 टन चावल) मतलब 81.45 प्रतिशत खरीदी की। भाजपा ने जो आंकड़े प्रस्तुत किये हैं वे पब्लिक डोमेन में हैं। और सच्चाई जानने के लिए इसे कोई भी देख सकता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व सांसद कमल भान सिंह, भारत सिह सिसोदिया, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, संतोष दास, रुपेश दुबे मौजूद रहे।

'लोगों को किया जा राहा गुमराह'

मुख्यमंत्री प्रदेश भर में लोगों को गुमराह करते हैं, पर इनकी सरकार के खाद्य मंत्री विधान सभा में स्वीकार करते हैं कि धान किसानों के भुगतान का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा केंद्र सरकार देती है। उन्होंने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि केंद्र सरकार ने धान खरीदी का 51 हजार 563 करोड़ रुपए दिया है व राज्य सरकार ने मात्र 11,148 करोड रुपए ही दिया है। इन्हीं के मंत्री विधानसभा में स्वीकारते है कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी केंद्र सरकार द्वारा धान खरीदी में वृद्धि के कारण बढ़ी है, न की राज्य सरकार की अनुकंपा से। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए छत्तीसगढ़ के किसानों को आधा सत्य बताया है।



## कार्य में लापरवाही को देखकर निगम इंजीनियरों पर बरसे छत्तीसगढ़ श्रम आयोग के अध्यक्ष

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ श्रम आयोग के अध्यक्ष शफी अहमद सोमवार को जाकिर वार्ड क्रमांक 38 के अंतर्गत आने वाले बरेज तालाब में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही को देखकर शफी हमद ने निगम इंजीनियरों पर जमकर बरसे उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बरेज तालाब में मुख्य मार्ग की तरफ स्टील रेलिंग व लोहे का रेलिंग लगाने का कार्य चल रहा है। स्टील रेलिंग ठेकेदार के अनुबंध पत्र के अनुरूप नहीं होने की शिकायत कुछ लोगों ने शफी अहमद से की थी जिसके पश्चात उन्होंने निगम के इंजीनियर व ठेकेदार व वार्ड निवासियों के समक्ष इसकी जांच की जांच की स्टील रेलिंग 18 गेज पाया गया। जिस पर शफी अहमद ने तत्काल लगे स्टील रेलिंग को हटा कर 14 गेज की स्टील रेलिंग लगाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार व निगम के इंजीनियरों एक माह के भीतर काम पुरा करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही वार्ड के निवासी निर्माण कार्य का निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे काम है जो ठेकेदार की निविदा में नहीं लेकिन उसे भी अलग से कराया जायेगा। तालाब निरीक्षण के दौरान धनश्याम बाशिया, तनवीर रब्बानी, मो. सरफराज, बाबुलाल सोनी, निगम इंजीनियर राम, परौले, संतोष रवि सहित वार्ड के निवासी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को भोपाल से किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

ऑनलाइन ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अखिलानंद राजवाड़े कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर का रहने वाला है। 13 मई 2023 को एसबीआई बैंक का कर्मचारी बताकर एक अज्ञात व्यक्ति अखिलानंद के मोबाइल पर फोन कर लोन कार्ड बंद करने की बात कही। इसके झांसे में आकर ओटीपी बता दिया और इसके खाते से 5 लाख 99 हजार 5 सौ रुपए की ऑनलाइन ठगी हो गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया था। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान साइबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त कर संयुक्त पुलिस टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु भोपाल मध्यप्रदेश रवाना किया गया था। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ठगी के मामले में उपयोग किए गए खाते के अनुसार खाताधारक चंदन पंथी पिता खूबचंद पंथी उम्र 39 वर्ष साकिन वेयर हाउस के सामने शिवनगर भोपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह बताया कि एक अन्य युवक विकास पासी के माध्यम से कमीशन राशी के लालच में बैंक खाता खुलवाकर अपना बैंक खाता एवं एटीएम कार्ड घटना कारित करने वाले अन्य आरोपियों को प्रदान करता है। मामले में पुलिस ने विकास पासी पिता फूलचंद पासी उम्र 23 वर्ष साकिन कैची छोला माता की मडिया भोपाल की भी घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर कमीसन राशी के लालच में अन्य लोगों का खाता खुलवाकर खाता एवं एटीएम अन्य आरोपियों को प्रदान करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिय है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अम्बिकापुर उप निरीक्षक रुपेश नारंग, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, रुपेश महंत शामिल रहे।





## राज्य सूचना आयोग ने तत्कालीन तहसीलदार को 25 हजार रुपए के अर्थदंड से किया आरोपित

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

लगाए गए आरटीआई में समय पर सूचना न देने व राज्य सूचना आयोग द्वारा जारी नोटिस के जवाद नहीं देने के मामले में राज्य सूचना आयोग ने तत्कालीन तहसीलदार विजेन्द्र सिंह सारथी को 25 हजार रुपए का अर्थदंड से आरोपित किया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी ने जन सूचना अधिकारी तहसीलदार अंबिकापुर से सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न मुद्दों पर जानकारी मांगी थी। जिसमें समय अवधि में वांछित जानकारी प्राप्त न होने के कारण राज्य सूचना आयोग में धारा 19(3) के तहत डीके सोनी द्वारा वर्ष 2019 में द्वितीय अपील प्रस्तुत किया था।

उक्त द्वितीय अपील को राज्य सूचना आयोग ने पंजीबद्ध करते हुए तत्कालीन जन सूचना अधिकारी बिजयनेंद्र सिंह सारथी तहसीलदार अंबिकापुर को नोटिस जारी किया गया तथा तत्कालीन जन सूचना अधिकारी से जवाब मंगाया गया लेकिन जन सूचना अधिकारी द्वारा नोटिस के पालन में कोई पूर्ण लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उपस्थित हुए जिसके कारण राज्य सूचना आयोग द्वारा सुनवाई करते हुए 27 फरवरी 2023 को सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी द्वारा तत्कालीन जन सूचना अधिकारी बिजयनेंद्र सिंह सारथी तहसीलदार अंबिकापुर को 25 हजार रुपए का अर्थदंड धारा 20(1) के तहत आरोपित किया गया एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंबिकापुर को निर्देशित किया गया कि तत्कालीन जन सूचना अधिकारी तहसीलदार अंबिकापुर जिला सरगुजा के वेतन से उक्त राशि काटकर शासन के खाते में जमा कर राज्य सूचना आयोग में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## आल्टो कार चोरी के मामले में पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, एसपी को किया गया सम्मानित



-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

दस दिन पूर्व शहर के नमनाकला रिंग रोड स्तिथ प्रार्थी थॉमस जॉन के मकान के बाहर से प्रार्थी के आल्टो कार के चोरी होने पर प्रार्थी द्वारा थाना कोतवाली आकर मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी, मामले मे सरगुजा पुलिस के विशेष पुलिस टीम द्वारा प्रार्थी के आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही कर जल्द कार बरामद कर लेने की बात बताई गई थी परन्तु प्रार्थी को अपने आल्टो कार के मिलने की संभावनाएं कम लग रही थी। मामले को संज्ञान मे लेकर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा मामले मे त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस पर घटनास्थल एवं आस पास के सीसीटीवी फूटेज का लगातार अवलोकन किया गया आल्टो कार को जिस रास्ते मे जाना पाया गया था उस पूरे रास्ते के सीसीटीवी फूटेज को चेक कर सरगुजा पुलिस की विशेष टीम द्वारा 10 दिनों के भीतर ही प्रार्थी की आल्टो कार को बरामद कर विधिवत कार्यवाही कर वाहन स्वामी को सुपुर्द किया गया। सरगुजा पुलिस की इस त्वरित कार्यशैली को देखकर प्रार्थी एवं उनके परिचितों द्वारा आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अम्बिकापुर आकर पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा से भेट कर मामले मे शीघ्र कार्यवाही करने एवं सरगुजा पुलिस की उच्च स्तरीय कार्यशैली एवं दक्षता हेतु पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया साथ ही आल्टो कार को बिंढमगंज उत्तरप्रदेश से बरामद करने पर आभार भी प्रदर्शित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस आमनागरिकों के सुरक्षा एवं उनके जानमाल की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध हैं, छोटे से छोटे मामलो मे भी त्वरित कार्यवाही करने के लिए हमारी पुलिस टीम आप सभी नगरवासियो के लिए सदैव तत्पर हैं आपका ये सम्मान पूरे सरगुजा पुलिस की टीम के लिए हैं जिन्होंने अपनी ड्यूटी सतर्कता पूर्वक कर आपकी संपत्ति आपको सुपुर्द किया हैं।

## नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

. नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की राज्य स्तरीय बैठक में प्लेसमेंट, ठेका पद्धति एवं अन्य एजेण्डा पर संजय ऐडे प्रदेश अध्यक्ष प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की अध्यक्षता तथा संभाग पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की उपस्थिति में निकाय अध्यक्ष तथा प्लसेमेंट कर्मचारियों की बैठक अम्बिकापुर में संपन्न हुई। 8 जुलाई को मुख्यमंत्री का दौरा अम्बिकापुर में था, उक्त कार्यक्रम में महासंघ की और से प्रदेश अध्यक्ष एवं पांचों संभागाध्यक्ष मुख्यमंत्री के समक्ष ज्ञापन सौंपा जाना था। किन्तु रायपुर में बारिश होने के कारण मुख्मंत्री का अम्बिकापुर दौरा रद्द हुआ। जिसके कारण महासंघ द्वारा अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (कॅबिनेट मंत्री दर्जा) से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा गया एवं अपनी मांगो से अवगत कराया गया। अजय अग्रवाल के द्वारा मुख्यमंत्री को महासंघ की मांग के संबंध में अवगत कराते हुये विचार विमर्श करने का पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया। यदि निकाय में प्लेसमेंट, ठेका पद्धति को हटाते हुये कर्मचारियों को सीधा भुगतान किया जाता है तो शासन को सम्पूर्ण प्रदेश में 210 करोड़ की सालाना बचत होगी।

## जीवन शैली में गुणात्मक सुधार का आधार है गीता

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

महामना मालवीय मिशन, सरगुजा द्वारा साप्ताहिक गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन रविवार को ब्रम्हाशंकर सिंह के निवास पर किया गया। जिसमें गीता के 11 वें अध्याय का पाठ किया गया। संगोष्ठी के शुरुआत में गीता मर्मज्ञ ललितमोहन तिवारी ने कहा कि इस अध्याय में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने विश्वरूप का दर्शन कराया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्राप्ति के लिए भक्ति अन्तः करण से होनी चाहिए। पार्षद टिन्नी सिंह ने कहा कि गीता हमारे मन के भटकाव को रोकने और हमें सही रास्ते पर लाने का कार्य करती है। इससे हमारे जीवनशैली में गुणात्मक सुधार होता है। कृषि वैज्ञानिक बीके सिंह ने धर्म के लिए युद्ध जायज बताते हुए महाभारत को वर्तमान परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि अभी कलियुग का प्रभाव है। ब्रम्हाशंकर सिंह ने भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि अर्जुन के पूर्ण रूप से शरण में होने पर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने अतिदुर्लभ विराट स्वरूप का दर्शन कराया। आयोजन में जांजगीर से पधारे कवि अरुण कुमार तिवारी सहित शहर के ख्यातिलब्ध साहित्यकार श्यामबिहारी पांडेय, हरिशंकर सिंह, द्वारिका यादव विकास एवं प्रकाश कश्यप ने सम सामयिक विषय पर काव्य पाठ किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र गुप्ता, आरएन अवस्थी, मदनमोहन मेहता, राजकुमार गुप्ता,अजय तिवारी, माधव शर्मा, जयप्रकाश चौबे, रणविजय सिंह तोमर,अनूप सिंह,संतोष सिंह, राजेश सिंह, मुकुंद लाल साहू, अशोक सोनकर सहित बड़ी संख्या में गीताप्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन राजनारायण दिवेदी ने किया।

## चोरी की घटना को रोकने गैरेज संचालकों ने बनाया योजना





### 4 चोर व 2 खरीददार को पकडर किए पुलिस के हवाले

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।.

रिंग रोड में संचालित बॉडी गैरेजों में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही थी। लगातार हो रही चोरी से बॉडी गैरज संचालक काफी परेशान थे। गैरेज संचालकों ने चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को भी दी पर पुलिस द्वारा विशेष पहल नहीं किए जाने पर संचालकों ने स्वयं चोरों को पकड़ने का बिड़ा उठाया। संचालकों ने गैरेज परिसर में कई कीमती सामान बाहर ही छोड़कर चोरों के आने का इंतेजार छिपकर कर रहे थे। इस योजना में गैरेज संचालक रविवार की रात को सफल हुए। 5 की संख्या में चोर अब्दुल बॉडी गैरेज में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम देने लगे। इधर अलग-अलग स्थान पर छिपकर निगरानी कर रहे गैरेज संचालकों ने वर्करों के साथ पहुचे और सभी चोरों को धर दबोचा। चोरों के पकड़ाते ही लगातार हो रही चोरी से परेशान गैरेज संचालकों का गुस्सा फुट पड़ा और चोरों की धुनाई कर दी। इसके बाद रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया। पूछतछ करने पर चोरों ने चोरी का सामान एक कबाड़ी के यहां बेचने की बात स्वीकार की। संचालकों ने चोरों के निशनदेही पर दो खरीदार को भी पकड़कर ले लाया। चोरों को पकड़े जाने की सूचना पर आस पास के काफी संख्या में लाग पहुंच गए। इधर सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले लाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब्दुल बॉडी गैरेज के संतोष शर्मा बताते हैं कि 3 दिन से लगातार पूरा गैरेज के कर्मचारी चोरों को पकड़ने की ताक में रात भर रतजगा कर रहे थे। रविवार की रात्रि यह चोर 5 की संख्या 2 से 3 बजे के दरमियान में गैरेज में प्रवेश किए और गाड़ियों की बैटरी खोल रहे थे तभी इन्हें पकड़ कर रस्सी से बांध दिये। पकड़े गये चोरों में आदित्य चौबे व बाबु चौबे पिता अनिल चौबे दोनों सगे भाई है जोकि आकाशवाणी चौक के रहने वाले हैं, सूरज मिंज पिता मुनेशवर मिंज निवासी मैनपाट व सूरज कश्यप पिता अमित कश्यप निवासी मायापुर का रहने वाला है। जबकि चोरी का सामान खरीदने वाले शिवा व विकास तिवारी है। इन सभी को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## नेताम बने बीजेपी चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक

### कमलभान व रामलखन भी शामिल

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।.

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने 31 सदस्यीय चुनाव घोषणा पत्र समिति की घोषणा की है। जिसमें संयोजक विजय बघेल सांसद दुर्ग, सह संयोजक रामविचार नेताम पूर्व राज्यसभा सांसद, अमर अग्रवाल पूर्व मंत्री तथा विधायक शिवरतन शर्मा बने हैं। 31 सदस्यीय टीम में सरगुजा से पूर्व सांसद कमलभान सिंह तथा बलरामपुर से आदिवासी नेता रामलखन पैकरा को जगह मिली है। सरगुजा संभाग को इस महत्त्वपूर्ण समिति में जगह मिलने से स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## जिला प्रशासन की पहल से दो पीड़ित परिवार को सड़क दुर्घटना की मुआवजा राशि का 3 लाख का चेक किया प्रदान

-संवाददाता-
लखनपुर, 10 जुलाई 2023(घटती-घटना)।

सड़क दुर्घटना की मुआवजा राशि पाने कार्यालय का चक्कर लगा रहे दो पीड़ित परिवारों को जिला प्रशासन की पहल पर नायब तहसीलदार प्रांजल गोयल चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत की उपस्थिति में कुन्नी पुलिस चौकी में वाहन स्वामी नवरत्न राजवाड़े के द्वारा दो पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि का चेक द्वारा 3 लाख प्रदान किया गया। बाकी बचे मुआवजा राशि को जल्द ही पीड़ित परिवार को दिलाए जाने का आश्वासन नायब तहसीलदार के द्वारा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वर्ष 2014 में पोड़ी निवासी नवरत्न राजवाड़े के ट्रेक्टर वाहन में विद्युत पोल ले जाने के दौरान चालक की लापरवाही के कारण ट्रैक्टर पलटने से पोड़ी निवासी श्रमिक हवन साय रजवाड़े,व श्रीचंद रजवाड़े की मृत्यु हो गई थी। न्यायालय में प्रकरण चलने उपरांत न्यायालय द्वारा मुआवजा राशि दिलाए जाने वाहन स्वामी को निर्देशित किया गया था। परंतु वाहन स्वामी नवरत्न रजवाड़े के द्वारा पीड़ित परिवार को मुआवजे की राशि नहीं दी जा रही थी। तत्पश्चात न्यायालय के द्वारा नवरत्न राजवाड़े की भूमि को कुर्की कर मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को दिलाए जाने निर्देशित किया गया था।परंतु मुआवजे की राशि नहीं मिल रही थी और लगातार पीड़ित परिवार को कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा था।विगत दिनों पूर्व पीड़ित परिवार मुआवजा राशि नहीं मिलने से छुब्ध होकर इच्छा मृत्यु की अनुमति को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम सरगुजा कलेक्टर को परमेश्वरी राजवाड़े पति स्व. हवन साय राजवाड़े,ललिता राजवाड़े पति स्व. श्रीचंद्र राजवाड़े द्वारा ज्ञापन सौंपा था। सरगुजा कलेक्टर और जिला प्रशासन की पहल पर कुन्नी नायब तहसीलदार प्रांजल गोयल कुन्नी चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत की उपस्थिति में शनिवार को वाहन स्वामी नवरत्न राजवाड़े के द्वारा पीड़ित परिवार को चेक के माध्यम से ₹300000 की राशि प्रदान की गई है। साथ ही बची हुई दुर्घटना मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को दिलाए जाने नायब तहसीलदार प्रांजल गोयल के द्वारा आश्वासन दिया गया है।



CMYK

# चिरमिरी शराब दुकान में हुआ लाखों का घोटाला,भरपाई करने अब जिलेभर के शराब दुकानों को मिली जिम्मेदारी:सूत्र

- » एक ही शराब दुकान में लाखों का घोटाला...आखिर हुआ कैसे...उठ रहे सवाल... जबाव देने वाला कोई नहीं...
- » आबकारी विभाग अब मामले को किसी तरह निपटाने के फिराक में,अन्य दुकानों को दिया भरपाई करने मौखिक निर्देश
- » अन्य शराब दुकान करेंगे लाखों की भरपाई,जिले में अब शराब में पानी मिलना होगा और आम
- » नकली शराब बेचकर होगी घोटाले की भरपाई,आबकारी विभाग की भी मौन स्वीकृति
- » घोटालेबाज दुकान संचालक पर कार्यवाही करने की बजाए आबकारी विभाग जुटा घोटाले की लीपापोती में

-रवि सिंह-

**कोरिया/एमसीबी,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** अविभाजित कोरिया जिले से एक बड़ी खबर आबकारी विभाग की आ रही है, विभाजित कोरिया जिले का अभी तक पूर्ण रूप से विभाजन नहीं हुआ है और अभी भी कई विभाग संयुक्त जिले की कमान सम्हाल रहे हैं और उन्हीं में से आबकारी विभाग भी एक है जो दोनो जिले में अभी संयुक्त रूप से काम कर रहा है और कोरिया जिले से ही विभाग का संचालन हो रहा है, आबकारी विभाग द्वारा संचालित शासकीय शराब दुकान से जुड़ी है यह खबर जहां चिरमिरी के एक दुकान में लगभग 80 लाख रुपए के शराब घोटाले की बात सामने आ रही है और अब आबकारी विभाग मामले की लीपापोती करके मामले को रफा दफा करने की तैयारी में है। 80 लाख का घोटाला सामने न आने पाए इसके लिए आबकारी विभाग अविभाजित कोरिया जिला नया तरकीब लेकर सामने आया है और अब इस घोटाले की राशि की भरपाई अविभाजित कोरिया जिले के सभी शराब दुकान मिलकर करेंगे यह विभाग ने निर्णय सभी दुकान संचालकों को सुना दिया है और जल्द ही भरपाई करने निर्देशित जारी कर दिया है।। पूरा मामला एमसिबी जिले के चिरमिरी शराब दुकान से जुड़ा हुआ है और दुकान का नाम गोदरीपारा अंग्रेजी शराब दुकान बताया जा रहा है जहां विगत दो वर्षों में लगभग 80 लाख रुपए शासकीय शराब की राशि गायब बताई जा रही है और यह राशि गायब है इसकी जानकारी अब सामने आई है और जानकारी सामने आते ही आबकारी विभाग हरकत में आया है और अविभाजित कोरिया जिले के सभी शराब दुकानों को निर्देश जारी कर दिया की अब सभी दुकान मिलकर इस राशि की भरपाई करेंगे और वर्तमान में जो भी बिक्री इस माह आएगी उसमें से भरपाई की जाएगी। जिन शराब दुकानों की बिक्री अधिक है उन्हे 5 लाख और जिनकी कम है उन्हे 2 से 1 लाख प्रति दुकान भरपाई का निर्देश जारी किया गया है आबकारी विभाग द्वारा। अब जिले के सभी शराब दुकान किस तरह भरपाई करेंगे इतने बड़े घोटाले की यह समझा जा सकता है,अब शराब में पानी मिलाकर बेचने साथ ही मिलावटी शराब बेचने की मौन सहमति ही इसे मान लेने के अलावा और कुछ कहा नहीं जा सकता और माना जा सकता है की अब आबकारी विभाग की भरपाई वाले निर्देश के बाद




सभी शराब दुकान मिलावटी शराब बेचकर घोटाले की भरपाई करेंगे और शराब प्रेमियों की जान से खिलवाड़ करेंगे। चिरमिरी की गोदरीपारा शराब दुकान का यह घोटाला जितना बड़ा है उतना ही बड़ा मामला यह है की घोटाले को छिपाने अब आबकारी विभाग ही शराब दुकानों की मिलावटी शराब बेचने की मौन स्वीकृति दे रहा है जो जिले के शराब प्रेमियों के लिए बुरी खबर है।

### 80 लाख रुपए की हुई है गड़बड़ी,बिक्री राशि में है 80 लाख का अंतर

बताया जा रहा है की बिक्री राशि में 80 लाख रुपए कम जमा किए गए हैं,यह राशि चिरमिरी की गोदरीपारा शराब दुकान की तरफ से जमा की गई कम राशि है और इतनी राशि की गड़बड़ी की गई है। कुल मिलाकर दो वर्षों में यह घोटाला हुआ है और अब यह घोटाला सामने आया है। दुकान की बिक्री में 80 लाख रुपए विगत दो वर्षों में कम जमा की गई है और बिक्री राशि में से यह राशि कम बताई जा रही है।

### दो वर्षों से कम जमा की जा रही थी बिक्री राशि

एक ही शराब दुकान से विगत दो वर्षों में 80 लाख रुपए की गड़बड़ी की गई है,लगातार दो वर्षों तक शराब बिक्री की राशि एक दुकान द्वारा कम जमा की जा रही थी और इसका पता आबकारी विभाग को नहीं चल पा रहा था और दो वर्षों बाद जब पता चला भी तब अंतर की राशि 80 लाख पहुंच गई है और अब विभाग को चिंता सताने लगी है और विभाग मामले की लीपापोती में जुटा हुआ है। सवाल यह उठता है की आबकारी विभाग को आखिर दो वर्षों तक कैसे घोटाले की खबर नहीं लगी और लगातार दुकान की बिक्री राशि जिसमे अंतर आ रहा था उससे विभाग कैसे अनभिज्ञ था। अब जब घोटाला बड़े स्तर पर पहुंच गया है उसे छिपाने अन्य दुकानों से वसूली का आदेश जारी कर दिया गया है और कार्यवाही और जांच की जगह मामले को रफादफा करने की तैयारी है।

### आबकारी विभाग लेता है प्रतिदिन का दुकानों से वसूली,इसलिए नहीं देता गड़बड़ियों पर ध्यान,सूत्र

बताया जाता है की आबकारी विभाग जिलेभर की शराब दुकानों से प्रतिदिन के हिसाब से वसूली करता है और इसके एवज में शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को मनमानी की छूट मिली हुई है वहीं इसी वसूली की एवज में शराब में मिलावट की भी छूट मिली हुई है और विभाग वसूली करने के बाद दुकानों की जांच भी नहीं करता।बताया यह भी जा रहा है की इसीलिए इतना बड़ा घोटाला दो वर्षों के बाद सामने आया है और उसे भी छिपाने विभाग पूरा जोर लगा रहा है और जिसके लिए वह जिले के अन्य दुकानों से वसूली कर भरपाई करने की फिराक में है। शराब दुकान जो प्रतिदिन की आबकारी विभाग की वसूली जमा करते हैं उन्हें चूंकि मनमानी की छूट होती है और उनकी जांच भी नहीं होती इसलिए ही इतना बड़ा घोटाला संभव हो सका है।

### जब लगातार दुकान की बिक्री राशि जमा हो रही थी कम तो फिर लगातार शराब लाने परमिट कैसे हो रहा था जारी

गोदरीपारा शराब दुकान घोटाले में आबकारी विभाग की संलिप्तता इससे भी समझी जा सकती है की जब लगातार बिक्री राशि कम जमा हो रही थी फिर क्यों दुकान के लिए नया परमिट जारी किया जा रहा था। शराब की बिक्री राशि जमा ही नहीं हो रही थी और शराब मंगाकर लगातार दुकान को दिया जा रहा था। पूरे मामले में विभागीय संलिप्तता स्पष्ट है और यह भी स्पष्ट है की बिना मिलीभगत इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं हो सकता।

### आखिर क्यों हुआ इतना बड़ा शराब घोटाला,क्या है आबकारी विभाग की संलिप्तता आइए जानते हैं?

जिले की चिरमिरी शराब दुकान में 80 लाख के शराब घोटाले मामले में आइए जानते हैं की क्या है पूरा खेल कैसे हुआ इतना बड़ा घोटाला,जबसे शराब दुकान का संचालन शासकीय रूप से किया जा रहा है और प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारी शराब दुकानों का संचालन कर रहें हैं तभी से शराब में मिलावट की खबर भी आम है,बताया जाता है की मिलावट करने आबकारी विभाग की ही सहमति मिली हुई रहती है और इसके एवज में प्रत्येक दुकान प्रतिदिन का हिस्सा आबकारी विभाग को देते हैं। हिस्सा लेकर विभाग मौन रहता है और दुकान संचालकों को मनमानी की छूट रहती है इसलिए दुकान की जांच भी नहीं होती और इसीलिए इतना बड़ा घोटाला संभव हो सका है और अब घोटाले को छिपाने नया घोटाला किया जाने वाला है जिसमे अब जिलेभर के दुकान संचालक एक दुकान के घोटाले की भरपाई अपने अपने दुकान में घोटाला कर करेंगे।

### क्या चिरमिरी शराब दुकान घोटाले मामले को रफा-दफा कर लेगा आबकारी विभाग,या होगी घोटालेबाज पर कार्यवाही?

चिरमिरी गोदरीपारा शराब दुकान में हुआ घोटाला लाखों का है और अब घोटाले को विभाग दबाने की फिराक में है और जिलेभर के शराब दुकानों से भरपाई का मौखिक आदेश जारी कर दिया गया है। अब विभाग के मौखिक आदेश के अनुसार जिलेभर के शराब दुकान मिलकर उक्त घोटाले की भरपाई करेंगे। वहीं मामले में चूंकि विभाग की भी पोल खुलने का डर है और किस तरह विभाग ही वसूली कर मिलावटी शराब बिकवाता है इसकी पोल न खुल जाए इसलिए भी विभाग मामले को रफा दफा करना चाहता है। वैसे मामले को क्या विभाग निपटा ले जायेगा या दोषी दुकान संचालक पर कार्यवाही करेगा यह देखने वाली बात होगी। वैसे मामले की जांच होगी या नहीं यह भी बड़ा सवाल है या फिर अन्य दुकानों से भरपाई कराकर ही मामले को दबा दिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सहायता कियोस्क कर्मचारी कल्याण संघ स्टेट नोडल एजेंसी में समायोजित करने के साथ अपनी विभिन्न मांगों के साथ हुए लामबंद

- » डॉ0खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में कार्यरत छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सहायता कियोस्क कर्मचारी कल्याण संघ ने सौपा ज्ञापन

**एमसीबी/चिरमिरी,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सहायता कियोस्क कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह गुरुंग के नेतृत्व में आज मनेन्द्रगढ़ विधान सभा के विधायक डॉ0विनय जायसवाल को प्रनिधिमंडल ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया । कियोस्क ऑपरेटर संघ जिले में संचालित डॉ0 खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना/आयुष्मान भारत योजना को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है । विगत 8 वर्षों से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो में अपनी सेवाओं के माध्यम से जनता को इस योजना लाभ दिलवा रहे है । छत्तीसगढ़ के जिलों में कार्यरत कियोस्क ऑपरेटर अभी थर्ड पार्टी कंपनी के माध्यम से कार्यरत है । इनकी मांग है कि जिस तरह से इनको जिलों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में जितना कार्य लिया जाता है उसके एवज में कंपनी इन्हें प्रतिमाह उतना वेतन भुगतान नही किया जाता हैं । साथ कि कंपनी के अंडर में कार्य से निकाले जाने का डर हमेशा बना रहता हैं । ज्ञापन के माध्यम से इनकी प्रमुख मांग है कि इन्हें छत्तीसगढ़ स्टेट नोडल एजेंसी (एस0एन0ए0) में समायोजित कर स्थायीकरण करते हुए संविदा आधार पर मासिक वेतन भुगतान किया जाए। जिलों में कार्यरत कियोस्क ऑपरेटर का मानो इन सारी योजनाओं की रीढ़ की हड्डी है । जिसके बदौलत राज्य सरकार की स्वास्थ्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन इनके माध्यम से किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी शासन पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जल्द ही उनकी मांगों को मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के समक्ष रख पूरा करने हेतु आश्वस्त किया।



## घर से 30 दिन से लापता नाबालिक लड़के को पुलिस ने आपेशन मुस्कान के तहत खोजा

-संवाददाता-

**कुसमी,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के खरकोना गांव के निवासी विश्वनाथ पहाड़ी कोरवा ने 5 जून 2023 को थाना आकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी की उसका नाबालिक लड़का घर से बिना बताए कही लापता हो गया है,फिर शंकरगढ़ थाने के द्वारा जिले के एसपी डॉ लाल उमेद सिंह को मामले से अवगत कराया गया तब एसपी ने पुलिस अधिकारियों को इस मामले में आवशयक दिशा निर्देश दिया,एसडीओपी रितेश चौधरी ने आपरेशन मुस्कान के तहत एक पुलिस टीम का गठन किया,फिर लापता लडके की खोजबीन शुरू की गई,टीम ने जशपुर जिले के बगीचा सन्ना झारखंड के महुवाडाड अंबिकापुर मे जाकर रिश्तेदार से पुलिस पुछताछ कर ही रही थी की इस दौरान अचानक अंबिकापुर से पुलिस को लापता लडके के बारे में जानकारी लगी और पुलिस टीम ने अंबिकापुर जाकर बस स्टैंड से लडके को बरामद कर वापस शंकरगढ़ थाने ले आया और उसके परिवार के लोगो को सौप भी दिया,मामले में एसडीओपी ने बताया कि लडके से जब जानकारी ली गई ,तब उसने बताया कि वह क्यूं घर में किसी को बिना बताए चला गया था , लडके ने बताया कि वह अपने गांव से कभी कही नही गया था इसलिए उसे घुमने का मन किया और घर वालो को बिना बताए वह घर से चला गया था इधर उधर घुम फिरकर वह अंबिकापुर बस स्टैंड के पास था ,लडके को पुलिस ने समझाईस दिया की वह अपने परिजनों को बिना बताए कही नही जायेगा,वही लडके के परिजनों ने पुलिस को इस काम से खुश होकर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तिलक लगाकर श्रीफल देकर सम्मानित किया, पुलिस टीम में थाना प्रभारी रमेश एक्का, स.उ.नि राजाराम मेशराम,आरक्षक देवसाय नाग,संतोष सिंह,निलेंद्र ,जगमोहन शामिल रहे।



**घटती-घटना की खबर पर लग सकती है मुहर कोरिया पुलिस पहुंची सकती है एक और बड़े सटोरिया तक**

# सरगुजा संभाग के सबसे बड़े सटोरिया का नेटवर्क था बहुत लम्बा...उस नेटवर्क तक पहुँचना चाहती है कोरिया पुलिस:सूत्र

- » ऑनलाइन सट्टे के करोड़ों का खेल में रायपुर से खाईवाल विनय अग्रवाल गिरफ्तार, खुल सकते हैं कई गहरे राज:सूत्र
- » आत्महत्या करने वाले युवक के पास से मिली डायरी में कई लोगों का नाम से जुड़ा है तार
- » जिस सटोरिया तक पहुची पुलिस उसका तार सूरजपुर के युवक के आत्महत्या से भी जुड़ा है:सूत्र

-रवि सिंह-

**कोरिया/सूरजपुर 10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** सरगुजा संभाग के सबसे बड़े सटोरिया को गिरफ्तार करने के बाद घटती-घटना ने अंदेशा जताया था की कोरिया पुलिस सटोरिया से जुड़े कई राज खोलना में जुटी हुई है वही घटती घटना के खबर प्रकाशन के 5 दिन बाद वही हुआ और कोरिया पुलिस एक और सटोरिया को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है ऐसा खबर मिल रही है। छत्तीसगढ़ की कोरिया पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रायपुर के विनय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। विनय अग्रवाल के खिलाफ कोरिया में राज्य शासन के जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोरिया पुलिस की स्पेशल टीम रायपुर पहुंचकर विनय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस की स्पेशल टीम आरोपी से खम्हारडीह थाने में प्रारंभिक पूछताछ के बाद कोरिया जिले लेकर रवाना हो गई। मिलि जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की कोरिया पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रायपुर के विनय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। विनय अग्रवाल के खिलाफ कोरिया में राज्य शासन के जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोरिया पुलिस की स्पेशल टीम रायपुर पहुंचकर विनय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस की स्पेशल टीम आरोपी से खम्हारडीह थाने में प्रारंभिक पूछताछ के बाद कोरिया जिले लेकर रवाना हो गई, जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन सट्टा के करोड़ो के लेन-देन में विनय अग्रवाल की संलिप्तता पाई गई थी, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लागतार तलाश जारी थी. बताया जा रहा है कि विनय अग्रवाल बीते कई सालों से ऑनलाइन सट्टे का काला कारोबार कर रहा था. गिरफ्तारी के बाद कई बड़े खुलासे होने की आशंका जताई जा रही है।

### मोबाइल फोन और बैंक खातों की जांच शुरु

कोरिया पुलिस पूरे मामले में विनय के मोबाइल फोन और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है, पुलिस टीम गिरफ्तारी के बाद ही आरोपी से फोन जब्त कर पूछताछ में जुटी हुई थी, आरोपी के संपर्क में कौन-कौन लोग हैं, ऑनलाइन सट्टे के व्यापार में अन्य सहयोगी कौन थे. सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है. साथ ही आरोपी के बैंक खाते से ट्रांजैक्शन हिस्ट्री भी खंगाली जा रही है. पुलिस को आशंका है, इस पूरे कारोबार में अन्य लोगों के हाथ जुड़े हुए हैं, कोरिया पुलिस ने बताया कि विनय अग्रवाल की गिरफ्तारी की गई है, आरोपी के विरुद्ध कोरिया में राज्य शासन के जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. जिसकी जांच की जा रही है।




### हंसराज सुसाइड केस से जुड़ा है तार

दरअलस सूरजपुर निवासी हंसराज अग्रवाल उर्फ हंसु ने पिछ्ले हफ्ते सूरजपुर जिले के होटल आदित्य में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि हंसराज अग्रवाल ऑनलाइन सट्टे में करोड़ों के लेन-देन में फंस गया था. जिसके बाद कई खाईवालों के दबाव में आकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया. पुलिस को मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर समेत महाराष्ट्र के आधा दर्जन के नाम का जिक्र किया गया था, इस मामले में विनय अग्रवाल के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका की जांच कर रही है।

### खाईवालों के खिलाफ 306 का अपराध दर्ज

हंसराज के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. सुसाइड नोट व मर्ग जांच के बाद मृतक युवक उत्प्रेरणा से व्यथित होकर आत्महत्या करने की पृष्टि की गई है, जिसके बाद सूरजपुर के कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की है। जानकरी के अनुसार, कोरिया जिले के पटना थाने में विनय अग्रवाल के खिलाफ जुआ प्रतिषेध एक्ट की धारा 6, 7, 8 और भादवि की धारा 109 के तहत 21 जून को केस दर्ज किया गया था, इस मामले में कार्रवाई करते हुए कोरिया पुलिस ने खाईवाल विनय अग्रवाल को रायपुर से गिरफ्तार किया है, आरोपी को कोरिया लाने के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### कोरिया पुलिस 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है

इस संबंध में कोरिया एसपी त्रिलोक बंसल ने बताया कि अभी इस मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, साथ ही लगभग एक करोड़ के लेनदेन की जानकारी मिली है, कोरिया पुलिस पूरे मामले में विनय के मोबाइल फोन और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है, पुलिस टीम गिरफ्तारी के बाद ही आरोपी से फोन जब्त कर पूछताछ में जुटी हुई थी, आरोपी के संपर्क में कौन-कौन लोग हैं, ऑनलाइन सट्टे के व्यापार में अन्य सहयोगी कौन थे, सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है. इस मामले में अभी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस मनमाले में आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है. जल्द ही ऑनलाइन सट्टा मामले में और भी कड़ियां खुल सकती है और इससे जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

### सरगुजा संभाग का बड़ा सटोरिया पहले हो चूका था गिफ्तार

सरगुजा संभाग सट्टे का कितना बड़ा बाजार बन चुका है यह किसी से छुपा नहीं है पूरे संभाग से में ऑनलाइन सट्टा व आईपीएल का सट्टा जमकर हो रहा था पर इस बार सरगुजा संभाग के आईजी ने सटोरियों को पकड़ने के लिए जो जाल बिछाया था, उसमें सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा सटोरिया फंसता नजर आया, कोरिया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर रखे हुए है और सूत्रों की माने तो सरगुजा संभाग के सबसे बड़े सटोरिया जिसका नेटवर्क काफी बड़ा है जिस नेटवर्क के अंतिम छोर तक पहुंचने का प्रयास कोरिया पुलिस कर रही है, ऐसा माना जा रहा है कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो कोरिया पुलिस बहुत बड़ा खुलासा करेगी और यह कोरिया पुलिस की सबसे बड़ी जीत होगी। जिस सटोरिया को कोरिया पुलिस रिमांड पर ले रखी है उसे सट्टा किंग भी कहा जाता है, उसका नाम रवि अग्रवाल बताया जा रहा है, सरगुजा संभाग के सटोरिया को कोरिया पुलिस ने पकड़ा है उसके साथ कई बड़े-बड़े नाम जुड़े हुए हैं, उसमें से एक नाम एक पुलिस अधिकारी के पति का भी सामने आ रहा है जिसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है पर अंदर खाने में इसकी चर्चा चल रही है, यदि वह बचता है तो अपने पत्नी की वजह से ही वह बचेगा जो पुलिस विभाग में अधिकारी होने का फायदा उठाकर अपने पति को बचा सकती हैं, यदि उस व्यक्ति को पुलिस पकड़ती है तो यह मान लिया जाएगा कि पुलिस ने निष्पक्ष तरीके से सटोरिया के मामले में कार्यवाही की है। वैसे कोरिया पुलिस सटोरिया से बहुत कुछ उगलवा चुकी है।

### सट्टा व जुआ के दलदल में फंस कर युवा गवा रहे है अपनी जान

सरगुजा संभाग में भी सट्टा और जुआ के दलदल में फंसकर युवा अपनी जान गवां रहें हैं यह सूरजपुर के युवक की आत्महत्या से साबित होता है। सट्टा जुआ का कारोबार संभाग में किस कदर पैर पसार चुका है यह घटना इसकी बानगी भी है। संभाग में यह पहली घटना है जो समाने आई है वहीं कई युवा आज भी इस दल में फंसे हुए हैं या फंसते जा रहे हैं।

### सरगुजा संभाग में सबसे बड़े सटोरियों का पार्टनर भी आएगा पुलिस की गिरफ्त में?

सवाल यह भी है की संभाग के सबसे बड़े सटोरिया का पार्टनर कौन कौन है और क्या वह सभी पुलिस गिरफ्त में आएंगे। अभी पुलिस केवल मुख्य सटोरिए तक पहुंची है और उसके कबूलनामे के बाद उसके साथियों के नाम भी सामने आने की उम्मीद है। अब उसके साथी कौन कौन हैं और क्या पुलिस उसके साथियों को भी पकड़ती है यह भी बड़ा सवाल है। सटोरिए के साथी पार्टनर क्या बच निकलते हैं यह भी देखने वाली बात होगी।

# जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन मरावी ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी में किया पौधरोपण

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने लगे पौधे की सुरक्षा ले लिए एवं मेन गेट लगवाने दिए निर्देश

-संवाददाता-
सूरजपुर,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने हाउसिंग बोर्ड प्रतापपुर में वहाँ निवासरत समस्त अधिकारी कर्मचारी के साथ मिलकर पौधरोपण किया गया। शिवभजन मरावी ने वृक्षारोपण पश्चात सभी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी कर्मचारी को संबोधित किया। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा आदिवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मरावी ने कहा कि धीरे-धीरे लगातार जंगलों की कटाई हो रही है आने वाले समय में हम सबको ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ेगा।

बता दें कि जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन मरावी ने आज प्रतापपुर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में लगभग 200 पौधे लगाए हैं पौधा लगाते हुए मरावी जी ने कहा कि हम जिस घर के आसपास जहां रहते हैं वहां 5 पौधा लगाएं और पौधा का देखरेख स्वयं करें। हम सब पेड़ तो लगा देते हैं लेकिन उसका देखरेख नहीं होने से उस पौधे का सही तरीके से विकास नहीं हो पाता। इसलिए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने हाउसिंग बोर्ड प्रतापपुर के कॉलोनी में लगा 200 पौधे को यहां के समस्त अधिकारी कर्मचारी और यहां के निवासरत बहनों से कहा है की इस पौधे को आपको अपने पुत्र से अधिक मानकर इसका देखरेख और सेवा करना है ताकि आने वाले भविष्य में हमारे बच्चों को ऑक्सीजन की कमी न हो और हम सबको ठंडी हवा मिल सके। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड के लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जी हाउसिंग बोर्ड मेन गेट की स्वीकृति नहीं हुआ है जिसे मरावी जी से निवेदन कर कि उसमें गेट की स्वीकृति कराकर गेट लगवाने की मांग की तथा सभी परिवार शिवलिंग की स्थापना की भी मांग की सावन में शिवजी पर जल चढ़ाने के लिए यहां पर एक भी शिवलिंग नहीं है जिससे माताओं एवं बहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिस पर शिवभजन सिंह मरावी ने कहा कि मैं तो शिव जी का ही भक्त हूं नाम भी मेरा शिवभजन सिंह मरावी है।

शिव भजन सिंह मरावी ने तत्काल हाउसिंग बोर्ड के ठेकेदारों से चर्चा कर गेट लगवाने कहा जिस पर हाउसिंग बोर्ड के एसडीओ ने बताया कि 10 दिवस के भीतर आपके गेट को लगवा दिया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने कहा कि हम सब यहां पौधा वृक्षारोपण किए हैं उस वृक्षारोपण अगर किसी प्रकार का नुकसान व क्षति होती है तो यह जिम्मेदारी होगी। एसडीओ ने जिला पंचायत अध्यक्ष को, हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले अधिकारियों कर्मचारी को आश्वस्त किया कि मैं बहुत जल्दी ही तत्काल आपके हाउसिंग बोर्ड प्रतापपुर का गेट को लगवा कर आपको सूचित करूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने एसडीओ से कहा कि कालोनी के अधिकारी को मुझे शिकायत करना ना पड़े आप तत्काल लगवा कर मुझे सूचित करें तथा हाउसिंग बोर्ड के सभी अधिकारी कर्मचारी को आश्वस्त किया कि मेरे तरफ से जो हो सकेगा मैं आपको शिवलिंग की स्थापना करने में जरूर सहयोग करूंगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेवा दल के अध्यक्ष कुंदन मिश्रा, एसडीओपी मलकसिंह बंजारे, कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा अन्य सभी महिला नारी शक्ति सहित बच्चों भी उपस्थित रहे।

# खड़गवां थाना क्षेत्र में गांजा और अवैध शराब पकड़ी गई



-संवाददाता-
खड़गवां,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग के द्वारा रेंज के समस्त पुलिस अधीक्षको को अवैध गाजा, शराब, सटटा, जुआ. कबाड पर कार्यवाही करने हेतू निर्देशित किया गया था जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक, एमसीबी सिद्धार्थ तिवारी के आदेशित करने पर व अति0 पुलिस अधीक्षक एमसीबी निमेश बरैया निर्देशानुसार तथा नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खडगवा विजय सिंह के नेतृत्व में दिनांक 09 जुलाई023 को दौरान रात्रि गस्त जरिये मुखबिर से सूचना मिला की दो व्यक्ति लाल रंग की वाहन बोलेरों क्रमाक सी. जी 17 सी-3346 में माध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब गोवा लोड कर ग्राम बचरा पोडी की ओर बिकी करने जा रहे है कि सूचना पर टिम गठीत कर ग्राम बरंदर बाघ के पास उक्त वाहन क्रमाक सी. जी. 17-सी-3346 को शराब परिवहन करते पकड़ा गया उक्त वाहन में पांच पेटी अंग्रेजी गोवा शराब किमती 37200 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन क्रमाक सी. जी. 17-सी-3346 पुराना इस्तेमाली किमती 400000 रूपये को आरोपी सागर कुमार पिता अमृतलाल उम्र 23 साल सा0 ग्राम पयारी थाना भालुमाडा म0प्र एवं आरोपी रामदास पिता शिवदास उम्र 24 साल सा0 ग्राम कोपरा थाना जैतपुर जिला शहडोल म0प्र से जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को प्रकरण में गिरफतार किया गया इसी तरह अन्य प्रकरण में दिनांक 09.07.2023 को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम जिल्दा बाघपारा का राधेश्याम कुर्रे उर्फ रवि पिता कुमार साय अपने घर मे मादक पदार्थ गांजा रखा है तथा बिकी कर रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह के नेतृत्व में स.उ.नि रविन्द्र कुर्रे एवं हमराह स्टाफ के द्वारा टीम बनाकर मुखबीर के बतायेअनुसार आरोपी राधेश्याम कुर्रे उर्फ रवि के घर पर दबिश देकर आरोपी राधेश्याम कुरे को अवैध मादक पदार्थ गाजा बिकी करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से मादक पदार्थ गाजा तीन किलो ग्राम किमती लगभग 24000 रूपये को बरामद कर जप्ती किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (क्र) [illegible] तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिर0 किया गया ह सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवा विजय सिंह, सउनि रविन्द्र कुर्रे, रामबाबू दोहरे, प्र. आर. 38 इस्तयाक खान, आर. धर्मेन्द्र पटेल, रवि शर्मा, मो0 आजाद, अनिल यादव, इलियाजर तिर्की, जितेन्द्र ठाकुर नागेश्वर साहु भगत सिंह, दिनेश साहू एवं से विनय श्याम प्रमोद साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# सभी समाज के लोग मेरे अपने, सभी का ध्यान रखना मेरा कर्तव्य



-संवाददाता-
कोरबा,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा विधायक एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि चाहे प्रदेश मे हो या फिर शहर की सरकार, सिर्फ कांग्रेस की सरकार ही जनता के प्रति जवाबदेही होकर सबका का ध्यान रखती है। साढ़े चार सालों में कांग्रेस की सरकार ने अंतिम व्यक्ति के विकास के बारे में सोचा और ऐसी योजनाएं निकाली जिससे अंतिम व्यक्ति भी मुख्यधारा में आ सकें। सभी समाज के लोग मेरे अपने है और सबका ध्यान रखना मेरा कर्तव्य भी है। श्री अग्रवाल संध्या 05.00 बजे वार्ड क्र. 25 सुभाष ब्लॉक अयप्पा मंदिर के पास 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते समय उक्त बातें कही।श्री अग्रवाल ने कहा कि कुछ माह पूर्व अयप्पा समाज के लोगों ने अयप्पा मंदिर के पास सामुदायिक भवन की मांग की थी। उनकी मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 18.80 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की और इतने कम समय में यह भवन तैयार हो गया। मुझे विश्वास है कि यह भवन बहु उपयोगी साबित होगा और समाज के लोगों को फायदा होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि हमारे कोरबा विधायक एवं राजस्व मंत्री ने विशाल हृदय दिखाते हुए सभी समाज के लोगों का ध्यान रखा और अब लगभग सभी समाज के लोगों के पास अपना भवन है और ये सभी भवन सुख में, दुख में, उत्सव में काम आ रहा है और लोगों के किराए का अतिरिक्त खर्च भी बच रहा है। उन्होने कहा कि श्री अग्रवाल कोरबा के विकास को नई ऊंचाई तक पहुंचने के साथ साथ सभी वर्गों का ध्यान रखा ।

# सड़क दुर्घटना में दिनेश की मौत,सूचना पर पहुंचे शिवभजन मराबी ने परिवार को बंधाया ढांढ़स





-संवाददाता-
सूरजपुर,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरपटिया घुई के बिच गोविंदपुर के दिनेश कुमार सिंह आ रहे थे इसी बीच अचानक टर्निंग में एक्सीडेंट हो गया जिनका मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं आदिवासी कांग्रेश के प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंह मरावी मौके पर पहुंचे और पहुंचकर घरवालों को संवेदना व्यक्त मृतक आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धाजंलि अर्पित की। मौके पर बीएमओ अखिलेश विश्वकर्मा से बात कर पीएम करवाया। ग्राम वासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी को संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहे कि आप हर के दुख सुख में शामिल हो जाते हैं इतना ही हमारे लिए बहुत बड़ा काम है। आप कई कार्यक्रम में भी शामिल होते हैं तथा कई तरीके से हम सबको मदद करते हैं रोड में एक्सीडेंटल कहीं पर कहीं का भी हो आप वैसे व्यक्ति को हॉस्पिटल तक पहुंचाने के लिए मदद करते हैं तथा एक्सीडेंटल हो या अन्य प्रकार का कोई भी समस्या या मुसीबत हो आप तक सूचना पहुंचना चाहिए आप तत्पर खड़ा होकर उस मुसीबत का संकट को टालने का कोशिश करते हैं ऐसे जनप्रतिनिधि हम सबको बड़ी सौभाग्य से मिली है। राजनीतिक में नेतृत्वकर्ता मिला है जो सुख में खड़ा होते ही हैं किसी का दुख में भी खड़ा होते हैं आप तक सूचना पहुंचा अपने पोस्टमार्टम की तैयारी अखिलेश विश्वकर्मा बीएमओ से चर्चा कर आप सही ढंग से सही समय में पोस्टमार्टम करवाए आपको आभार। ऐसा ही अगर भगवान की कृपा से आपको हर मुकाम तक हर मंजिल तक पहुंचे। शिव भजन सिंह मरावी ने समस्त परिवारों को संवेदना व्यक्त करते हुए कहा यह प्रभु का माया है जो आया है वह 1 दिन जाएगा आज किसी भी स्थिति में कोई भी रहने के लिए यहां नहीं आया है इसलिए आप हम सब कुछ नहीं इनके लिए कर सकते अब जो कुछ भी करना चाहिए हम आपको जीते जी बीच में ही कार्य करना चाहिए ताकि हम सब इनका जीवन को शांति दे सकें। दिनेश कुमार की आत्मा को भगवान से दुआ करें किन इनकी आत्मा को शांति मिले इस दौरान आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी के साथ सरपंच सचिव रामप्रसाद रामप्रीत, रामचंद्र, श्यामलाल, रामपति, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, अभय कुमार, रामजीत तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# प्रशासन द्वारा नकटी खार में सात एकड़ जमीन को अतिक्रमणकारियों से कराया गया मुक्त

-संवाददाता-

**कोरबा 08 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** प्रशासन और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए नकटी खार ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी जमीन को बेजा कब्जे से मुक्त कराया।प्रशासन और पुलिस की टीम ने 7 एकड़ जमीन पर किये गए अवैध कब्जे को हटा दिया द्ध कोरबा तहसील के अंतर्गत नकटी खार बाईपास रोड पर सुबह यह कार्यवाही की गई। इसे कार्यपालिक दंडाधिकारी और सिविल लाईन पुलिस के द्वारा राजस्व अमले के साथ अंजाम दिया गया। सूत्रों के मुताबिक एक ट्रेडिंग कंपनी के संचालक द्वारा यहां बाईपास रोड पर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसमे 07 एकड़ का भूभाग शामिल था। लंबे समय से इसे लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। कोर्ट में मामला आने पर इसकी सुनवाई हुई। संबंधित तथ्यों को रखे जाने पर स्पष्ट हुआ कि जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। उक्तानुसार प्रशासन ने जमीन को मुक्त कराने के लिए आदेश पारित किया। सोमवार को सुबह सिविल लाइन थाना को बल भेजने के लिए आदेशित करने पर व्यवस्था बनाई गई। इसके साथ बुलडोजर के माध्यम से नकटी खार में अनावेदक के द्वारा किये गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया साथ ही उच्चाधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी:कृष्ण कुमार वर्मा



-संवाददाता-
कोरबा ,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

बरसात का मौसम वृक्षारोपण के लिए बेहद अनुकूल होता है, जागरूक जन इस मौसम में बढ़ चढ़कर पौधारोपण करते हैं। बात करें कुसमुंडा क्षेत्र की तो बीते 2 वर्षों में कुसमुंडा क्षेत्र में सड़क निर्माण, रेल मार्ग निर्माण, हाईटेंशन तारों के गुजरने वाले मार्ग, बेजा कब्जा कर मकान निर्माण इत्यादि के लिए हजारों पेड़ों की बलि दे दी गई। वृक्षारोपण केवल नाम मात्र के लिए ही किया गया जिससे कुसमुंडा क्षेत्र का वातावरण ना सिर्फ प्रदूषित हुआ है बल्कि तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुसमुंडा क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण कर हमें एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाना होगा।इसी जिम्मेदारी को समझते हुए कुसमुंडा थाना क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। कुसमुंडा थाना परिसर में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना परिवार सहित गौ सेवा टीम कुसमुंडा, भुविस्थापित सहित दर्जनों कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा।

कुसमुंडा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय उदय किरण के दिशा निर्देशन पर पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कुसमुंडा थाना परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें लगभग 200 फलदार व छायादार पौधे लगाये गए। इन फलों में प्रमुख रूप से काजू, बादाम, आंवला, नीबू, कटहल, अमरुद, आम, सीता फल, जैसे विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष सहित नीम, शीशम, करन, बरगद, पीपल, व अन्य प्रजाति के सैकड़ो पौधे रोपे गए। पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए हर वर्ष पौधारोपण किया जाता है। इसके लिए सबसे जरुरी पौधों की देखभाल है, पौधारोपण के साथ साथ उनके वृक्ष बनने तक देखभाल की जिम्मेदारी भी सम्हालनी होगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कुसमुंडा थाना परिवार सहित, गौ सेवा टीम कुसमुंडा से रवि पटेल, संदीप साहू, तामेश महंत, लाइफ साइंस संस्थान समिति अध्यक्ष गोविंदा सारथी, छत्तीसगढ़ मानव अधिकार जन जागरण फाउंडेशन नगर उपाध्यक्ष अशोक कुमार पटेल, छत्तीसगढ़ मानवाधिकार कटघोरा ब्लॉक उपाध्यक्ष तामेश महंत, संघर्ष भूविस्थापित कामगार संगठन के सदस्य रविन्द्र, करन, प्रीतम, जीवन, मोहन, देशू, संतोष,धीरज व अन्य लोग उपस्थित रहे।



# जमीन संबंधी विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले 8 आरोपियों का चौकी लटोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-

**सूरजपुर ,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** ग्राम तुलसी निवासी हुबलाल सिंह ने चौकी लटोरी में लिखित आवेदन दिया कि दिनांक 08.07.23 को आरआई व पटवारी के द्वारा इसके ग्राम तुलसी स्थित भूमि का सीमांकन इसके परिजन, सरपंच व ग्रामीणजन के मौजूदगी में भूमि का सीमाकन किया जा रहा था उसी दौरान गांव के पारसराम, जोखू प्रसाद, रामकरण, जीतू, प्रेमचंद, रामचरण, टेवन साय, हीरालाल के एक राय होकर जमीन हमारा है कहकर विवाद करते हुए जान से मारने की नियत से रामायण सिंह को हाथ मुक्का, लाठी-डण्डा से मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 147, 148, 149, 294, 506, 307 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

जमीन संबंधी मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश चौकी प्रभारी लटोरी को दिए। चौकी लटोरी की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दबिश देकर आरोपी पारस सिंह उम्र 48 वर्ष, जोखू प्रसाद उम्र 30 वर्ष, रामकरण उम्र 40 वर्ष, जीतू सिंह उम्र 35 वर्ष, प्रेमचंद उम्र 25 वर्ष, रामचरण सिंह उर्फ रामचरण उम्र 34 वर्ष, टेवन साय उम्र 19 वर्ष, हीरालाल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम तुलसी, चौकी लटोरी को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर आठों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, पिंगल मिंज, रविशंकर किण्डो, आरक्षक अम्बिका मरावी, शिव राजवाड़े, पिताम्बर सिंह, रामाधर सिंह, दशरथ राम, विनोद टोप्पो, अजय शुक्ला व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।

# जिला अस्पताल के ओएसटी सेंटर में दवा की कमी से नशे के मरीजों को हो रही परेशानी




-संवाददाता-
कोरबा,10 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

जिले में लंबे समय से कई प्रकार के नशे के अभ्यस्त हो चुके मरीजों को सही रास्ते पर लाने के लिए जिला अस्पताल में विभाग बनाया गया है जिसके अंतर्गत नसा से जुड़े मरीजों को ऑप्शनल थेरेपी दी जाती है। पर कुछ समय से इस वर्ग को दवा उपलब्ध नही होने से इन मरीजों में समस्या बढ़ गई है। कई प्रकार के नशे की जद में शामिल लोगों को बाहर लाने के लिए विभिन्न तौर तरीके अपनाए जा रहे हैं। ओपीओइड सब्सीट्यूशन थेरेपी इसी का एक हिस्सा है जिसमे मरीजों को दवा के माध्यम से नासा से छुटकारा दिलाने का प्रयत्न किया जा रहद्ध है । कोरबा में 300 से ज्यादा लोगों ने अपना पंजीकरण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में पिछले वर्षों में कराया जिन्हें लगातार इस थेरेपी के अंतर्गत दवाएं दी जा रही थी। पिछले डेढ़ महीने से दवा की आपूर्ति ना होने से संबंधित लोगों को इसका वितरण नहीं किया जा सका है जिसके कारण दवा की कमी से ऐसे युवक आए दिन हंगामा कर रहे हैं। एक ऐसी ही तस्वीर हस्पताल में देखने को मिली । मरीजों ने जमके हंगामा किया जिसे कुछ लोगों ने हस्तक्षेप करने के साथ नियंत्रण किया और हंगामा करने वालों को सुरक्षित माहौल देने की कोशिश की। इस दौरान एक युवक ने बताया कि दवा नहीं मिलने के कारण दिक्कतें हो रही हैं और ऐसे में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ गोपाल कंवर ने स्वीकार किया कि कुछ समय से ओपीओइड सब्सीट्यूशन थेरेपी पर काम करने वाले सेंटर में दवाएं उपलब्ध नहीं है। जल्द दवाओं की कमी पूरा कर लिया जाएगा द्य आपको बताते चले कि ओएसटी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें ओपिओइड-आश्रित इंजेक्शन लगाने वाले नशीली दवाओं के उपयोगकर्ताओं को मनो-सामाजिक हस्तक्षेपों के साथ-साथ चिकित्सकीय देखरेख में लंबे समय तक काम करने वाली ओपिओइड एगोनिस्ट दवाएं प्रदान की जाती हैं। अब देखना होगा के कोरबा में दवाओं की कमियों को कब तक पूरा कर लिया जाता है जिससे इन नसे के मरीजों को समस्याओं से छुटकारा दिलाया जा सके ।

# एशियाई खेलों में हंपी शतरंज में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी



**नयी दिल्ली , 10 जुलाई 2023।** दो बार की स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हम्पी और कांस्य पदक विजेता द्रोणावल्ली हरिका 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में 10 सदस्यीय भारतीय शतरंज टीम की अगुवाई करेंगी।

पुरुष वर्ग में विदित गुजराती और युवा अर्जुन एरिगैसी और महिला वर्ग में हम्पी और हरिका व्यक्तिगत श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पुरुष टीम में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, गुजराती, एरिगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रगानानंद शामिल हैं जबकि महिला टीम में हंपी, हरिका, आर वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री टीम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।

सभी खिलाड़ी हाल ही में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में मुश्किल चुनौती का सामना कर के आ रहे है। इस स्पर्धा में उन्हें दुनिया के कुछ महानतम शतरंज खिलाड़ियों से शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा, जिसमें नॉर्वे के पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन भी शामिल थे।

टीम की घोषणा रविवार को कानपुर में अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की आम सभा की बैठक के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता इसके अध्यक्ष संजय कपूर ने की।

छत्तीस साल की हंपी टीम की सबसे अनुभवी खिलाड़ी है। उन्होंने 2006 के दोहा एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत और मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था। टीम में अन्य एशियाई खेलों की पदक विजेता हरिका हैं, जिन्होंने ग्वांगझोउ में 2010 सत्र में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था।

शतरंज 2014 इंचियोन और 2018 जकार्ता खेलों का हिस्सा नहीं था।

भारतीय टीमः

पुरुषः डी गुकेश, विदित गुजराती, अर्जुन एरीगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रज्ञानानंद।

महिलाएंः कोनेरू हम्पी, डी. हरिका, आर वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री।



## गुकेश पांचवें स्थान पर रहे

**» आनंद ब्लिट्ज स्पर्धा में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे**

**जगरेब,10 जुलाई 2023।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश 2023 सुपर यूनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे चरण में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि हमवतन दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। ब्लिट्ज वर्ग में शुरुआती दिन औसत प्रदर्शन करने वाले गुकेश ने दूसरे दिन अच्छी वापसी करते हुए 6.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान आनंद, फैबियानो कारुआना (अमेरिका) और जान-क्रिज्सटोफ डुडा (पोलैंड) जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को पराजित किया। रैपिड वर्ग में टूर्नामेंट में पहली बार आनंद को हराने वाले गुकेश ने रविवार को ब्लिट्ज में इस पांच बार के विश्व चैंपियन को 34 चालों में हराया।

इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने ब्लिट्ज वर्ग के दूसरे दिन की शुरुआत रिचर्ड रापोर्ट (रोमानिया) पर जीत के साथ की और फिर दिग्गज कारूआना को हराकर चौंका दिया। वह हालांकि शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने इसके बाद आनंद पर जीत के साथ अच्छी वापसी की। गुकेस को अलिरेजा फिरोजा से हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद जीत की हैट्रिक लगाने में सफल रहे। इस खिलाड़ी ने कॉन्स्टेंटिन लुपुलेस्कु (रोमानिया), डूडा और इवान सारिक (क्रोएशिया) पर जीत दर्ज की। उन्होंने इयान नेपोम्नियाचची के खिलाफ ड्रॉ खेला और 19.5 अंक (रैपिड + ब्लिट्ज) के स्कोर के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया।

आनंद ने रैपिड वर्ग में शानदार तरीके से टूर्नामेंट की शुरुआत की थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने ब्लिट्ज के पहले दिन केवल तीन अंक बनाए और फिर दूसरे दिन 3.5 अंक बनाए। इस अनुभवी भारतीय का अभियान 16.5 अंकों के साथ समाप्त हुआ। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन ने संभावित 36 में से 26 अंकों के साथ शीर्ष पुरस्कार और इनाम के तौर पर 40,000 डॉलर (लगभग 33 लाख रुपये) हासिल किया। उन्होंने ब्लिट्ज वर्ग में अविश्वसनीय प्रदर्शन (सभी नौ मैचों में जीत) किया। नेपोम्नियाचची (22.5) दूसरे, जबकि कारूआना (21.5) तीसरे स्थान पर और फिरोजा (21) चौथे स्थान पर रहे।

## आईपीएल की तर्ज पर शतरंज लीग का होगा आयोजन

**नयी दिल्ली , 10 जुलाई 2023।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर फ्रेंचाइजी आधारित शतरंज टूर्नामेंट शुरू करेगा जिसकी निविदा प्रक्रिया अगले एक पखवाड़े में शुरू हो जायेगी। इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग में छह से आठ टीमें होंगी। इसके शुरूआती सत्र का आयोजन इस साल दिसंबर में होगा।

एआईसीएफ आम सभा की कानपुर में बैठक हुई थी। जिसमें इस बारे में चर्चा की गयी थी। एआईसीफ के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा, हमें भारतीय शतरंज का चेहरा बदलना होगा। यह आईपीएल जैसा होगा। कपूर ने कहा कि प्रत्येक राज्य शतरंज संघ को हर साल सात लाख रुपये मिलेंगे। उन्होंने



उम्मीद जतायी कि कानपुर बैठक के दौरान उन्होंने जो खाका तैयार किया है उससे राज्य निकायों को अगले तीन-चार साल में अनुग्रह राशि के रूप में लगभग 25 लाख रुपये मिलेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि एआईसीएफ देश में खेल को पेशेवर तरीके से चलाने के लिए एक प्रबंधन बोर्ड बनाएगा। उन्होंने कहा, हमें आगे बढ़ने के लिए अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें अपनी कमियों के बारे में सोचना होगा और हर समय उस पर काम करना होगा। तीन साल के बाद हमें किसी सरकारी फंडिंग की जरूरत नहीं होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने विश्वनाथन आनंद और कोनेरू हंपी जैसे भारतीय शतरंज के दिग्गजों के लिए किसी भूमिका की परिकल्पना की है, कपूर ने कहा, 'वे हमारे साथ हैं। आनंद फिडे (अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ) के उपाध्यक्ष हैं।

## रिफ्लेक्स ड्रिल की मदद से प्रैक्टिस करते दिखे भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली, 10 जुलाई 2023।** भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज में मौजूद है। पूरे 1 महीने के ब्रेक के बाद टीम इंडिया अब वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। पहला टेस्ट मैच डोमिनिका के विंसडर पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टेस्ट से पहले भारतीय खिलाड़ी जोरों-शोरों से प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे है। हाल ही में बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें सभी खिलाड़ी मैदान पर फील्डिंग का अभ्यास करते हुए दिख रहे है। इस दौरान खिलाड़ी एक खास इंस्ट्रूमेंट की मदद से प्रैक्टिस कर रहे है। खिलाड़ी के अभ्यास के साथ जमकर मस्ती का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान कई खिलाड़ियों के हाथ से ये इंस्ट्रूमेंट गिरता हुआ नजर आया और जब ऐसा अंजक्यि रहाणे के साथ हुआ तो विराट कोहली अपनी हंसी नहीं रोक सके। वीडियो के अंत में कोहली और बाकी खिलाड़ी रहाणे का जमकर मजाक उड़ाते हुए नजर आ रहे है।

## पार्थ सालुंखे रिकर्व वर्ग में युवा विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय बने

**लिमरिक , 10 जुलाई 2023।** पार्थ सालुंखे युवा विश्व चैंपियनशिप के रिकर्व वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के पहले पुरुष तीरंदाज बने, जिससे भारत ने अपने अभियान को 11 पदकों के साथ समाप्त किया। युवा विश्व चैम्पियनशिप में यह देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महाराष्ट्र के सतारा के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने यहां अंडर-21 पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत फाइनल में कोरिया के तीरंदाज को हराकर सोने का तमगा हासिल किया। रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहने वाले सालुंखे ने सातवीं वरीयता प्राप्त सोंग इंजुन को पांच सेट के कड़े मुकाबले में 7-3 (26-26, 25-28, 28-26, 29-26, 28-26) से हराया।

भारत ने अंडर-21 महिला रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में भी कांस्य पदक जीता।



कांस्य पदक मुकाबले में भाजा कौर ने चीनी ताइपे की सु सीन-यू को 7-1 (28-25, 27-27, 29-25, 30-26) से हराया। भारत का अभियान छह स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, जो कुल पदकों की संख्या के मामले में सर्वोच्च था। टीम हालांकि रैंकिंग के मामले में कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही। कोरिया ने छह स्वर्ण और चार रजत पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इंजुन ने पहले छह तीर से दो परफेक्ट 10 और तीन 9 अंक वाले निशाना साधा जिससे सालुंखे 1-3 से पिछड़ गए। इस पर्व राष्ट्रीय चैंपियन ने दबाव से वापसी करते हुए तीसरा सेट दो अंकों से जीत कर स्कोर 3-3 कर दिया। संखुले ने इसके बाद अपनी लय बरकरार रखी जबकि इंजुन पर दबाव में बिखर गये। सालुंखे ने 10 अंक के दो और एक 9 अंक का एक निशान साध कर 5-3 की बढ़त हासिल कर ली और फिर दो एक्स (निशाने के बिलकुल बीच में) के साथ शानदार अंत किया। शिक्षक के बेटे सालुंखे की प्रतिभा को पहली बार 2021 में कोच प्रवीण सावंत ने पहचाना था। सालुंखे ने इसके बाद सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में राम अवदेश से प्रशिक्षण लिया। वह युवा विश्व चैंपियन बनने वाले भारत के पहले पुरुष तीरंदाज है।

## ऑल इंग्लैंड चैम्पियन फेंग को हराकर लक्ष्य सेन बने चैम्पियन

**कैलगरी , 10 जुलाई 2023।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन के फाइनल में चीन के ली शी फेंग पर सीधे गेम में जीत के साथ अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) सुपर 500 खिताब हासिल किया। इस 21 साल के खिलाड़ी ने 2022 इंडिया ओपन में अपना पहला सुपर 500 खिताब जीता था। सेन ने अविश्वसनीय गति और कौशल के मिश्रण से रविवार को यहां फाइनल में मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फेंग को 21-18 22-20 से हराया। इस जीत के बाद सेन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''ओलंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष में यह कठिन था क्योंकि चीजें मेरे अनुरूप नहीं थीं। इसलिए इस जीत मेरे आत्मविश्वास को बहुत बढ़ेगा।



सेन ने कहा, मुझे कुछ मैचों में अपना पूरा दमखन लगाना पड़ा। यहां की परिस्थितियां अलग थीं और इसका आदी होना महत्वपूर्ण था।'' पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद सेन का यह पहला खिताब था। वह इस साल एकल चैम्पियन बनने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी है। इससे पहले मई में एच प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स में जीत का परचम लहराया था। सेन ने इस मुकाबले में अपने मजबूत जज्बे का परिचय देते हुए दूसरे गेम में चार गेम प्वाइंट बचाकर चैंपियनशिप प्वाइंट को अपने नाम किया। उन्होंने दमदार स्मैश लगाकर चैम्पियनशिप अंक हासिल किया और फिर जीत का जश्न मनाते हुए कोर्ट पर लेट गये। सेन ने कहा, ''यह मेरे लिए एक अद्भुत सप्ताह रहा है। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, मैं बेहतर होता गया, मैं परिस्थितियों का आदी हो गया और कल और आज (सेमीफाइनल और फाइनल) मेरी रणनीति कारगर रही। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।'' दोनों खिलाड़ियों ने इस मुकाबले में नेट की दोनों ओर से तेज गति की कुछ असाधारण रैलियां खेलीं लेकिन आखिर में चीन के खिलाफ पर सेन भारी पड़े। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह 12वां मुकाबला था जिसमें सेन सात बार सफल रहे। यह जीत सेन के आत्मविश्वास के लिए काफी जरूरी थी। वह सत्र की शुरुआत में अपनी फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करने के बाद रैंकिंग में 19वें नंबर पर खिसक गए थे।


## आंद्रे रुबलेव ने मारा शॉट ऑफ विंबलडन

**» सामने वाला खिलाड़ी रह गया भौचक्का**

**जोहेंसबर्ग,10 जुलाई 2023।** विंबलडन 2023 के मुकाबले बेहद ही रोमांचक होते जा रही है। प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबले होने के बाद अब क्वार्टरफाइनल मुकाबलों के लिए जंग समाप्त हो चुकी है। इसी बीच खेले गए मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक पर शानदार जीत के साथ विंबलडन 2023 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। चुनिंदा मुकाबलों की तरह ये मुकाबला पूरे पांच सेटों तक चला। 7-5, 6-3, 6-7(8), 6-7(7), 6-4 से इस मुकाबले को आंद्रे रुबलेव ने जीत लिया। इस जीत के साथ आंद्रे रुबलेव अपने पहले विंबलडन फाइनल में प्रवेश करने के एक कदम और करीब पहुंच गए।

विंबलडन में खेले गए पांच सेटों के इस इंटेंस मुकाबले के दौरान एंड्री रुबलेव ने मजेदार शॉट खेला है। ये ऐसा शॉट था जिसे विंबलडन के मुख्य आकर्षणों में शुमार किया जाएगा। पांचवें सेट में 5-4 की बढ़त और 30/15 की बढ़त के साथ, रुबलेव ने कुशलतापूर्वक गेंद को बैकहैंड कोने में गहराई तक मारा, जिससे अलेक्जेंडर बुब्लिक को लाइन के उद्देश्य से एक शक्तिशाली बैकहैंड शॉट के साथ जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा।



इस शॉट के बाद बुब्लिक की स्पष्ट विजेता की उम्मीदें जल्द ही चकनाचूर हो गईं जब रुबलेव ने एक डाइविंग फोरहैंड स्क्वैश शॉट मारकर उन्हें और सेंटर कोर्ट की भीड़ दोनों को आश्चर्यचकित कर दिया, जो एक महत्वपूर्ण बिंदु हासिल करते हुए खुले कोर्ट में पूरी तरह से उतरा। इस शॉट को लेकर रुबलेव ने बाद में कहा, शायद यह अब तक का सबसे भाग्यशाली शॉट था। यह सिर्फ किस्मत थी, और कुछ नहीं।% मुझे नहीं लगता कि मैं इसे एक बार और कर सकता हूं।÷

**इगा स्वियातेक ने बनाई क्वार्टरफाइनल में जगह**

शीर्ष रैंकिंग की महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक विम्बलडन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में बेलिंडा बेनसिच के खिलाफ हार के कगार पर थी लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए रविवार को यादगार जीत दर्ज की। जानकारी के मुताबिक स्वियातेक ने मैच में पहला सेट गंवा दिया था। इसके बाद दूसरे सेट में भी वो 5-6 से पिछड़ रही थी। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला उनके हाथ से निकलने को है। मगर मैच में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अफने फैंस को खुश कर दिया। उन्होंने दो बार मैच प्वाइंट बचाकर दूसरा सेट अपने नाम किया। अंतिम सेट में उन्होंने अपनी जान लगा दी और निर्णायक सेट में शुरुआत से ही अपनी पकड़ बनाई रखी। इस सेट में उन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने 6-7, 7-6, 6-3 से इस मुकाबले को जीतकर पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। बता दें कि इगा स्वियातेक ने इससे पहले जून महीने में हुआ फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। ये उनकी लगातार 14वीं जीत है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियातेका को अब यूक्रेन की वाइल्ड-कार्ड धारी एलिना स्वितोलिना से भिड़ना होगा। साल 2019 में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली स्वितोलिना ने अक्टूबर में मां बनी है। उन्होंने इस साल अप्रैल में खेल में वापसी की। उन्होंने रविवार को अंतिम 16 मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका को 2-6, 6-4, 7-6 से हराया। महिला वर्ग के अन्य क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला का सामना 2019 फ्रेंच ओपन उपविजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा होगा।

## अजय देवगन की रेड 2 की कहानी पर शुरू हुआ काम




बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी फिल्मों को लेकर अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। बीते कुछ समय से प्रशंसक अभिनेता की फिल्म मैदान के इंतजार में हैं, जिसकी रिलीज डेट में कई बार बदलाव हो चुका है। इस सबके बीच अब खबर आ रही है कि अभिनेता अपनी 2018 में आई फिल्म रेड के सीक्वल को जल्द लाने की तैयारी कर रहे हैं। रेड के सीक्वल के लिए कहानी पर काम भी शुरू हो गया है।

बीते दिनों खबर आई थी देवगन ने निर्माता कुमार मंगत के साथ रेड के सीक्वल के लिए हाथ मिलाया है और जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। देवगन और मंगत का मानना है कि दृश्यम की तरह ही रेड को दर्शकों ने पसंद किया था और ऐसे में इसके सीक्वल को अच्छी प्रतिक्रिया मिलेंगी। अब सीक्वल के लिए एक बार फिर अजय रेड के निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ आ गए हैं और फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, देवगन और मंगत ने निर्देशक गुप्ता को रेड 2 की कहानी को विकसित करने के लिए कहा है। ऐसे में अब उन्होंने स्क्रिप्ट के लिए कई वास्तविक जीवन की घटनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। सूत्र के अनुसार, अभी तक चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं और देवगन भी खुश हैं। गुप्ता कुछ ऐसा ढूंढने में कामयाब रहे हैं, जो पहले भाग से बड़ा और रोमांचक है।

रेड 2 की शूटिंग 2024 की गर्मियों तक शुरू होने की उम्मीद है, जिसके बाद यह जल्द ही रिलीज होगी। यह जियो के साथ देवगन और मंगत की डील का हिस्सा होगी। देवगन और मंगत ने जियो सिनेमा के साथ 3 फिल्मों ब्लैक मैजिक, रेड 2 और दृश्यम 3 की डिजिटल डील साइन की है। दृश्यम 3 के अगले साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद की जा रही है, वहीं ब्लैक मैजिक गुजराती फिल्म वश की रीमेक है।

रेड में देवगन ने एक ईमानदार आयकर अधिकारी अमय पटनायक की भूमिका निभाई थी, जो 49 ट्रांसफर होने के बाद लखनऊ पहुंच जाता है। लखनऊ में उसे एक प्रभावशाली व्यक्ति को लेकर सूचना मिलती है, जिसके बाद वह उसके घर जाकर रेड करता है। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और ऐसे में 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने दुनियाभर में 150 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन कर लिया था।

अजय की मैदान की रिलीज डेट में 7 बार बदलाव हो चुका है और अब कहा जा रहा है कि फिल्म सितंबर में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मैदान की कहानी भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग पर आधारित है, जिसमें अजय भारतीय कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा वह 15 अगस्त को रिलीज हो रही सिंघम अगेन में नजर आएंगे, जिसमें विक्की कौशल, करीना कपूर, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार शामिल हैं।

## गोवा में वेकेशन का लुत्फ उठाती दिखीं मोनालिसा



भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हालांकि वो अपने फैंस को भी इंप्रेस करने का कोई ऐसा मौका नहीं छोड़ती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट गोवा वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मोनालिसा इन दिनों गोवा में अपनी छुट्टियों का लुत्फ बखूबी उठा रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने इंस्टा पर कई फोटोज शेयर की हैं। हालांकि उनका ये लेटेस्ट मदमस्त अंदाज में फोटोशूट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा बेहद ही बोल्ड और ग्लैमरस हैं। अपने इसी अंदाज के कारण वो लोगों की चहेती बन गई हैं। मोनालिसा ने अपनी इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई थी। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती हुई एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं अभिनेत्री अपना फुल वेकेशन मोड एन्जॉय कर रही हैं। फैंस भी उनकी इन तस्वीरों को देखकर उन पर खूब सारा प्यार लूटा रहे हैं। ये ही नहीं लोगों को उनका स्टाइल काफी पसंद भी आता है। मोनालिसा के साथ उनके पति विक्रांत सिंह भी गोवा में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। इन तस्वीरों में उनका मस्ती भरा अंदाज देखने को मिल रहा है।

CMYK

# शिक्षक सीधी भर्ती: चयनित अभ्यर्थियों की होगी ऑनलाइन काउंसिलिंग

## व्यापम पोर्टल पर बनाए गए प्रोफाइल का आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य

**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** स्कूल शिक्षा विभाग ने बस्तर एवं सरगुजा संभाग में रिक्त सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता के 12 हजार 489 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनकी चयन की प्राथमिकता के अनुसार शालाओं का आबंटन करने का प्रावधान किया है. ऑनलाईन काउंसलिंग प्रारंभ होने की सूचना स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट से दी जाएगी. साथ ही ऑनलाईन काउंसलिंग के लिए व्यापम की मेरिट अनुसार सूची भी स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी. चिप्स द्वारा (व्यापम फार्म अनुसार) संबंधित के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

ऑनलाईन काउंसलिंग में भाग लेने के लिए काउंसलिंग के पूर्व सभी अभ्यर्थियों को व्यापम पोर्टल पर बनाए गए अपने प्रोफाइल का आधार वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा. अभ्यर्थी व्यापम पोर्टल पर बनाए गए अपने आईडी, पासवर्ड से लोक शिक्षण संचालनालय के ऑनलाईन काउंसलिंग पोर्टल पर लॉगिन कर सकेंगे. लॉगिन करने पर स्क्रीन पर डेस बोर्ड दिखेगा, जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिए गए भर्ती परीक्षाओं सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता की जानकारी होगी।

केवल प्रारंभिक रूप से चयनित अभ्यर्थी ही ऑनलाइन काउंसलिंग में भाग ले पाएंगे. अभ्यर्थी द्वारा पोर्टल पर साइन इन करने पर दस्तावेज सत्यापन का राउण्ड, प्रीफेंस फिलिंग विडों, प्रीफेंस स्टेटस, एक्शन प्रदर्शित होगा. राउण्ड का आशय दस्तावेज सत्यापन का चरण, प्रीफेंस फिलिंग विडों में ऑनलाईन काउंसलिंग खुले रहने की अवधि, प्रीफेंस स्टेटस में अभ्यर्थी द्वारा अब तक चयन किए गए शालाओं की सूची होगी तथा एक्शन में जाकर अभ्यर्थी अपने पसंद की शालाओं का चयन कर सकेंगे।




एक्शन में फिल प्रीफमें इंटर करने पर अभ्यर्थी के स्क्रीन पर दूसरा विंडो खुलेगा, जिसमें अभ्यर्थी का फोटो, प्रोफाइल आईडी, रजिस्ट्रेशन नंबर, नाम, प्राप्तांक आदि की जानकारी प्रदर्शित होगी. इसके नीचे दिए गए दो बॉक्स में से प्रथम बॉक्स में सेलेक्ट योर प्रायोरिटी के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक का नाम तथा पदांकन के लिए उपलब्ध विद्यालयों की सूची उपलब्ध होगी. इस सूची से अभ्यर्थी अपनी पसंद की शालाओं का चयन करेंगे, जो द्वितीय बॉक्स में योर सेलेक्टेड प्रायोरिटी के अंतर्गत प्रदर्शित होगी. अभ्यर्थी इसमें सूचीबद्ध शालाओं की सूची में शालाओं का क्रम अपनी पसंद अनुसार ऊपर-नीचे कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गई है कि वह सेलेक्ट योर प्रायोरिटी में दी गई शालाओं की सूची से अधिकतम या समस्त शालाओं को चयनित करें. यदि अभ्यर्थी द्वारा कुछ विद्यालयों का चयन नहीं किया जाता है तो अभ्यर्थियों द्वारा चयनित विद्यालयों के अगले क्रम पर चयन से शेष रह गये स्कूलों को सॉफ्टवेयर द्वारा पोर्टल में दर्शित सूची अनुसार क्रमशः स्वतः क्रम आबंटित कर दिया जाएगा. अगले विंडो पर अभ्यर्थी का विवरण सहित उसके द्वारा चयनित शालाओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें प्रायोरिटी अपडेटेड ऑन अंकित होगा. अभ्यर्थी अपने चयनित शाला का प्रिंट आउट भी ले सकते हैं।

काउंसलिंग के अंतिम दिवस के पूर्व अभ्यर्थी अपने चयनित विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं. अंतिम दिवस पोर्टल स्वतः लॉक हो जाएगा. यदि कोई अभ्यर्थी स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर लागिन नहीं करता है तथा अपने चयन के लिए शालाओं को प्राथमिकता क्रम प्रदान नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में सॉफ्टवेयर द्वारा उसे स्वतः रेन्डमली स्कूल आबंटित कर दिया जाएगा।

काउंसलिंग के प्रथम चरण पूर्ण होने पर अभ्यर्थी के लॉगिन पर विद्यालय का आबंटन प्रदर्शित होगा, जिसमें उसे आबंटित स्कूल का नाम, यूडाइस कोड, जिला एवं ब्लॉक का नाम अंकित होगा. अभ्यर्थी को इस आबंटन को स्वीकार करना अनिवार्य होगा, अन्यथा वह चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा. आबंटन स्वीकार करने पर दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रण पत्र प्रदर्शित होगा, जिसका अभ्यर्थी प्रिंटआउट ले सकेंगे. इस पत्र में दस्तावेज सत्यापन के लिए अंतिम तिथि तथा स्थल जहां उपस्थित होना है, उसका विवरण दर्ज रहेगा. दस्तावेज सत्यापन का कार्यालयीन समय एवं दिवस में किया जाएगा। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, शिक्षक पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी-संबंधित संयुक्त संचालक एवं सहायक शिक्षक पद के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी-संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी हैं. अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराएंगे. पात्र-अपात्र की जानकारी सत्यापनकर्ता प्राधिकारी द्वारा भरकर अपलोड की जाएगी, जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन पर देख सकेंगे. जो अभ्यर्थी अपात्र होंगे उनका अपात्रता संबंधी पत्र सत्यापनकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर सहित प्रिंट होगा, जिसमें अपात्र होने का कारण दर्शाया जाएगा. अपात्र अभ्यर्थी अपात्र होने के 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति संचालक लोक शिक्षण को प्रस्तुत कर सकेंगे. जो अभ्यर्थी पात्र होंगे उन्हें पत्र दिया जाएगा, जिसमें उल्लेखित होगा कि दस्तावेज सत्यापित कर लिया गया है.

# झूठ पर आधारित राजनीति करती है भाजपा

## रमन सिंह ने भी किया था शराबबंदी का ऐलान : अकबर

**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** भाजपा झूठ पर आधारित राजनीति करती है। कांग्रेस ने गंगाजल हाथ में लेकर किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था जिसे पूरा कर दिखाया। भाजपा का यह आरोप पूरी तरह झूठा है कि कांग्रेस ने गंगाजल हाथ में लेकर शराबबंदी करने का वादा किया था। कांग्रेस ने शराबबंदी की बात कही थी लेकिन गंगाजल लेकर सिर्फ कर्जा माफी की बात की थी। पन्द्रह वर्षों तक भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह ने भी शराबबंदी का ऐलान किया था जिसे पूरा नहीं किया।

यह बातें प्रदेश के वन, परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास झूठ के अलावा कुछ नहीं है। भाजपा खुलेआम झूठ बोल रही हैं कि कांग्रेस ने हाथ में गंगा जल लेकर छत्तीसगढ़ में शराबबंदी लागू करने का वादा किया था। मंत्री मोहम्मद अकबर ने दस्तावेज के तौर पर विडियों दिखाते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के



दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में हाथ में गंगाजल लेकर कहा गया था कि सरकार बनने पर दस दिनों के भीतर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।

प्रमुख रूप से तात्कालीन कांग्रेस नेता आर.पी.एन. सिंह उपस्थित थे। जो वर्तमान में भाजपा मे शामिल हो गए है। भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में सरकार के गठन के पश्चात उसी दिन तत्काल ही किसानों के कर्ज की माफी का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। किसानों के कर्ज माफी का कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार का निर्णय भाजपा व उसके नेताओं को रास नहीं आया। भाजपा ने किसानों के कर्ज माफी के निर्णय का आज तक स्वागत नहीं किया है।

### डॉ. रमन सिंह ने शराबबंदी का किया था ऐलान

मंत्री अकबर ने बताया कि अपनी सरकार के कार्यकाल के दौरान भाजपा के मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह बार-बार छत्तीसगढ़ में शराबबंदी लागू करने का ऐलान करते रहे। डॉ. रमन सिंह ने अन्य राज्यों में अपने दौरे में छ.ग. में शराब बंदी की बात कहीं थी। लेकिन शराबबंदी करना तो दूर, विचार तक नहीं किया। मोहम्मद अकबर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा शराबबंदी की घोषणा के दस्तावेज भी प्रस्तुत किये। मंत्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक सांसद विजय बघेल को यह जानकारी होनी चाहिए कि तत्कालीन सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह शराबबंदी की घोषणाा करते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि घोषणा पत्र समिति के संयोजक बनने के पश्चात सांसद विजय बघेल ने दावा किया था कि भाजपा ने शराबबंदी करने की बात कभी नहीं की।

### शराबबंदी के लिए भूपेश बघेल सरकार गंभीर

मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि शराबबंदी की दिशा में भूपेश बघेल सरकार पूरी तरह गंभीर है। वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री श्री सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। जो शराबबंदी के संबंध में अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। उल्लेखनीय बात यह कि भाजपा ने इस समिति के लिए नाम मांगे जाने के बावजूद आज तक अपनी ओर से नाम नहीं सुझाए हैं।

### शराब व्यसन मुक्ति अभियान : 2,626 वाहिनी गठित

जानकारी देते हुए मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि नशे के दुष्परिणामों के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए समाज कल्याण विभाग की निगरानी में अभियान शुरू किया गया है। लोगों को व्यसन के दुष्प्रभाव से जागरूक करने और व्यसन की प्रवृत्ति को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ में 02 हजार 626 भारत माला वाहिनी का गठन किया गया है। इन वाहिनियों के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में नशा मुक्ति के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

# बीजेपी में नेतृत्व का अकाल

» **जो लोग जीवनभर भाजपा का साथ दिए, उनको घर बैठा दिया**

**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा और अन्य मुद्दों पर भी अपना बयान दिया। उन्होंने कहा कि, भाजपा ने 2013 में संकल्प लिया था, किसानों का दाना-दाना धान खरीदेंगे। डबल इंजन की सरकार ने फैसला लिया 10 क्विंटल धान खरीदेंगे। क्यों उस समय दाना-दाना धान नहीं खरीदा गया? बोनस क्यों नहीं दिया गया? किसके कहने पर रोका गया। डॉ. रमन सिंह ने किसानों को ठगने का काम किया। हमने 20 क्विंटल धान खरीदने की बात की तो श्रेय लेने में लगे हुए हैं। 2018 में जनता ने 15 सीटों पर भाजपा को समेट दिया। झूठ के सहारे जनता के बीच नहीं जा सकते। ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे रमन सिंह ने ठगा नहीं। हर वर्ग को ठगने का काम रमन सिंह ने किया। दरअसल मुख्यमंत्री सोमवार को बालोद जिला के दौरे पर हैं। वे वहां माता बिंदेश्वरी बघेल पार्क का लोकार्पण और मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम भूपेश ने बालोद रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए ये बयान दिया है।

सीएम भूपेश ने शराब को लेकर कहा कि यदि शराब फैक्ट्री से



शराब की पेटी निकली तो सबसे पहले डिस्ट्रेलरों पर कार्रवाई होना चाहिए था। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। रमन सिंह की सरकार में शराब को लेकर पॉलिसी बनाई। कॉर्पोरेशन के माध्यम से शराब बिक्री का प्रावधान किया गया। इन लोगों से रमन सिंह के क्या संबंध है। सिर्फ 3 डिसलर से रमन सिंह के क्या संबंध है। रमन सिंह बताए दूसरे डिसलरों को क्यों मौका नहीं दिया गया? डिस्टलर्स को नोटिस जारी किया गया है। राजस्व में कमी आई है तो कार्रवाई भी होगी और वसूली भी की जाएगी। 2020 का मामला है, चुनाव देखकर ही ईडी आईटी के माध्यम से लड़ना चाहते हैं। कोई भी वर्ग इनके साथ नहीं है, केवल ईडी और आईटी के माध्यम से लड़ना चाहते हैं।

श्री बघेल ने भाजपा के आरोप समिति और अन्य समितियों को लेकर कहा कि कितना भी विधानसभा में चिल्ला चिल्लाकर बोल लें, रमन सिंह को जब तक नहीं हटेंगे तब तक बृजमोहन, अजय चंद्राकर और प्रेमप्रकाश पांडे का कुछ नहीं हो सकता। जो लोग जीवनभर भाजपा का साथ दिए, उनको घर बैठा दिया गया।

सांसद विजय बघेल को भाजपा की घोषणा पत्र की जिम्मेदारी दी गई है। इसको लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि, जिसको बीजेपी की आइडियोलॉजी पता नहीं, वह घोषणा पत्र बनाएंगे। विजय बघेल तो खुद कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए है। भाजपा में नेतृत्व का अकाल हो गया है।

# 12 को फिर होगी कैबिनेट की बैठक



**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की कैबिनेट बैठक 12 जुलाई को फिर से प्रस्तावित है। यह बैठक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में होगी। इस बैठक के एजेंडे को सरकार अंतिम रुप दे रही है। ऐसी कयास है कि 18 जुलाई से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले संशोधन विधेयकों को लेकर इस बैठक में चर्चा हो सकती है।

सरकार के सूत्रों के अनुसार बैठक में खरीफ सीजन की खेती को लेकर भी चर्चा प्रस्तावित है। कृषि विभाग को पूरी रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि इससे पहले छह जुलाई को ही राज्े य कैबिनेट की बैठक हुई थी। इस बैठक में कर्मचारियों का डीए बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे।

# चुनाव से पहले भाजपा को लगा बड़ा झटका



**100 से ज्यादा भाजपाई कांग्रेस में शामिल**

**रायपुर/दुर्ग, 10 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, यहां 100 से ज्यादा युवाओं ने कांग्रेस का हाथ थामा है। दुर्ग कांग्रेस विधायक अरुण वोरा की उपस्थिति में 100 से अधिक युवाओं ने पार्टी में प्रवेश किया है। बताया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए और दुर्ग शहर में लगातार हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्षद प्रकाश जोशी और सूरज नायक के नेतृत्व में लगभग 150 युवाओं ने भाजपा से प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

# विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने की विभिन्न सात कमेटी का गठन

**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न सात कमेटी का गठन कर लिया है। पालिटिकल अफेयर-प्रभारी कुमारी सैलेजा प्रदेश चुनाव समिति- प्रभारी मोहन मरकाम चुनाव अभियान समिति प्रभारी -चरण दास महंत घोषणा पत्र समिति-प्रभारी मोहम्मद अकबर



चुनाव समन्वय समिति -प्रभारी धनेंद्र साहू प्रचार प्रसार समिति-प्रभारी शिव डहरिया चुनाव अनुशासन समिति-प्रभारी ताम्रध्वज साहू

# अब इस मोर्चे ने सरकार से असंतुष्ट होकर किया आंदोलन का ऐलान




**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा ने छत्तीसगढ़ सरकार पर उदासीनता और वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिक्षक एल. बी. संवर्ग के हितों और मांगों की अनदेखी की जा रही है। सरकार के रवैये से राज्य के दो लाख शिक्षकों के सब्र का बांध टूट गया है।


उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न शिक्षक संगठनों ने संगठनात्मक मतभेदों को दरकिनार कर संवर्ग के दो लाख कर्मचारियों के हित में आर-पार संघर्ष के लिए ÷छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा÷ का गठन कर संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। छ. ग. सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, नवीन शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष विकास राजपूत, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन व छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा ने संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि सरकार ने शिक्षक एल. बी. संवर्ग के हितों की उपेक्षा करने के साथ ही उनके साथ वादाखिलाफी भी की है। उन्होंने बताया कि क्रमोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, वेतन विसंगति, पूर्ण पेंशन, 7 वें वेतनमान में गृहभाड़ा व देय तिथि से मंहगाई भत्ता आदि मुद्दों पर सरकार ने हमें निराश किया है। संवर्ग के हित में आंदोलन के लिए बाध्य किया है।

# ऑनलाइन सट्टा मामले में जोगी कांग्रेस का नेता गिरफ्तार

» **ऑनलाइन सट्टा में करोड़ों के लेन-देन का है आरोप**

**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टा महादेव एप पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रायपुर पुलिस ने महादेव एप पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर पुलिस ने जोगी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। बता दें कि यह गिरफ्तारी डोंगरगढ़ से हुई है।

इससे पहले कोरिया पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे को लेकर रायपुर के विनय अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। विनय अग्रवाल के खिलाफ कोरिया में राज्य शासन के जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद कोरिया पुलिस की स्पेशल टीम रायपुर पहुंचकर विनय




अग्रवाल को गिरफ्तार किया। पुलिस की स्पेशल टीम आरोपी से खम्हारडीह थाना में प्रारंभिक पूछताछ के बाद देर रात कोरिया के लिए रवाना हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन सट्टा के करोड़ों के लेन-देन में विनय अग्रवाल की संलिप्तता पाई गई थी। जिसके बाद आरोपी की तलाश जारी थी। विनय अग्रवाल बीते कई सालों से ऑनलाइन सट्टे का काला कारोबार संचालित करता था। अब विनय की गिरफ्तारी के बाद कई बड़े खुलासे होने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने मामले में विनय के मोबाइल फोन और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को जल्द ही इस पूरे कारोबार में अन्य लोगों के सुराग मिल सकते हैं।

# व्यापम प्रवेश परीक्षा बनी मजाक!

» **निशुल्क आवेदन फार्म मिलने पर अभ्यर्थी कर रहे मनमानी, बढ़ रहा अभ्यर्थी बोझ**

**रायपुर, 10 जुलाई 2023 (ए)।** राज्य सरकार से मिली निर्देश के बाद व्यापमं ने प्रवेश परीक्षाओं का आवेदन फार्म अभ्यर्थियों के के लिए निशुल्क कर दिया है। प्रदेश के अभ्यर्थियों को जब से यह सुविधा मिलनी शुरू हुई है, तब से ज्यादातर अभ्यर्थी फॉर्म भरने के बाद प्रवेश परीक्षाओं में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। अभ्यर्थियों की इस मनमानी से व्यापमं का आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। बता दें छत्तीसगढ़ में रविवार को व्यापमं की कई परीक्षाएं हुई। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्रदेश में पीपीटी, प्रीएमसीए, प्रीबीएबीएड और




प्रीबीएससी बीएड की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। इस प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति कम रही। प्रीएमसीए में 16.24, पीपीटी में 41.27, प्रीबीएबीड और प्रीबीएससी बीएड में 27.37 छात्र उपस्थित रहे।

2022 में थी ज्यादा उपस्थिति

वर्ष 2022 में प्रीएमसीए की परीक्षा में शामिल होने के लिए 2686 छात्रों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 954 यानि 36 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। इसी तरह से पीपीटी की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 18614 छात्रों ने पंजीयन कराया था। इसमें से 11796 यानि 63 प्रतिशत आवेदक उपस्थिति हुए थे। इसी के विपरीत जब अभ्यर्थियों से 2021 में आवेदन फीस ली जाती थी। उस दौरान उपस्थिति का आंकड़ा पीपीटी में 69 प्रतिशत और प्रीएमसीए में 64 प्रतिशत रहता था।

फीस माफी के बाद व्यापमं से पीईटी, पीपीएचटी, पीपीटी, प्री एमसीए, प्री बीएड, प्री डीएलएड, प्री बीएससी नर्सिंग, प्री एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, वैज्ञानिक भर्ती और टीईटी आयोजित की गई। इन सभी परीक्षाओं में गैर हाजिर रहने वाले उम्मीदवारों की संख्या 35 प्रतिशत से लेकर 84 प्रतिशत तक जा रही है। व्यापमं की ओर से जब परीक्षा फीस ली जाती थी तब सामान्य वर्ग के लिए 350, ओबीसी के लिए 250 और एससी, एसटी के लिए 200 रुपए फीस तय थी, लेकिन अब स्थानीय लोगों के लिए परीक्षा शुल्क माफ है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स, नमनाकला, संत हरकेवल विद्यापीठ के पास, अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050, मो. 94062-23001, 98265-32611, Email:ghatatighatana11@ gmail.com, Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)